हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 24 अगस्त, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


12 टैक्स वसूली में गड़बड़ी, 3.58 लाख की कम संपत्तिकर वसूली, स्वविवरणी भी गायब




13 कला उत्सव में पाटन के बच्चों ने दिखाई अपनी बहुमुखी प्रतिभा मिली सराहना









## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 255 वारंटियों को गिरफ्तार किया



**भिलाई**। जिले के वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 255 को गिरप्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 20 से 22 अगस्त तक पुलिस का विशेष अभियान चला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी कर टीम बनाकर गिरफ्तार किया गया। वारंटियों के सकुनत, संभावित जगहो पर दबिश दिया गया। इस दौरान 107 बेमियादी, 148 गिरफ्तारी वारंट को पकड़ा गया। अभियान के तहत वारंटियों का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम का अह्म योगदान रहा है। अभियान में नेवई के वर्ष 2009 के प्रकरण में फरार वारंटी को भी पुलिस ने पकड़ा है।

### सूने मकान का ताला टूटा जेवरात और कैश गायब



**भिलाई**। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक वसुंधरा नगर दक्षिण में दिन दहाड़े जिला अस्पताल दुर्ग में ओटी अटेंडर का काम करने वाली महिला बबीता वर्मा के मकान का ताला तोड़कर आलमारी से सोना चांदी के जेवरात और कैश 25 हजार गायब है। पीड़िता की बेटी रिमझिम स्कूल गई थी। उसकी मां नगर निगम भिलाई -चरोदा में डयूटी पर गई थी। बबीता के मुताबिक उसकी बेटी शाम करीब 4 बजे स्कूल से घर पहुंची तो घर के दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखी तो कमरे में सामान बिखरे पड़े थे। यह देख बेटी ने मां को फोन लगाया। फोन आने के बाद बबीता वर्मा घर पहुंची और देखा कि मकान के मेन दरवाजा का लगा ताला नीचे पड़ा बेडरूम में सामान बिखरा हुआ था। जेवर रखने के बाक्स एवं बैग खुला पड़ा मिला। अज्ञात ने आलमारी के लाकर को किसी वस्तु से अटैच कर तोड़ दिया गया। जहां से हार, सोने के चैन नेकलेस, झुमका, अंगुठी चार नग, ईयर रिंग, सोने के छोटे बडे अंगुठी 6 नग, सोने के लाकेट, चांदी की छोटे बडे पायल नौ नग, चाबी रिंग तीन नग गायब है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई**। अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव पुल के नीचे शिव मंदिर दुर्ग के पास गंजपारा दुर्ग निवासी अमन उर्फ यमन गोंड़ को शराब बेचते पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी शोले मसाला जब्त किया जिसकी कीमत 3200 रुपए आंकी गई है।

तीन साल पहले भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने किया था उद्घाटन

# 1 करोड़ का ऑडिटोरियम कबाड़ रखने के आ रहा काम नशाखोरी का बना अड्डा, दहशत में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स

अतुल अग्रवाल ▶▶भिलाई

शिवाजी नगर जोन-4 स्थित वार्ड-35 जोन-2 खुर्सीपार में नवीन कॉलेज मैदान में 1 करोड़ की लागत से बना ऑडिटोरियम सफेद हाथी साबित हो रहा है। वर्तमान में यह ऑडिटोरियम संदिग्ध गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। रात में ऑडिटोरियम में नशाखोरी हो रही है। दिन में शरारती तत्वों का डेरा रहता है। इसकी वजह से कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को खासी दिक्कत बनी हुई है। इतना ही नहीं कॉलेज प्रबंधन द्वारा लगातार इसे लेकर पुलिस और निगम प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है। बावजूद इसके समस्या बनी हुई है। बता दें कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कार्यशाला को लेकर यह ऑडिटोरियम तैयार किया गया है। इसमें 32.54 लाख रुपए से ऑडिटोरियम और 66.48 लाख रुपए से अधोसंरचना मद से प्रकाश व्यवस्था और अन्य कार्य कराए गए हैं। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव और मेयर नीरज पाल ने 21 सितंबर 2022 को इसका उद्घाटन किया था। वर्तमान में ऑडिटोरियम अनदेखी की भेंट चढ़ गया है। नशाखोरी और शरारती तत्वों की वजह से विद्यार्थी और शिक्षक दहशत में हैं। उन्होंने सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की है।



### कॉलेज में यूजी और पीजी के 521 से ज्यादा स्टूडेंट्स कर रहे पढ़ाई

जानकारी के मुताबिक कॉलेज में इस समय बीए, बीकाम, बीएससी, बीसीए सहित पीजे के 6 विषयों में कोर्स संचालित हैं। छात्रों के अलावा छात्राएं भी पढ़ रही हैं। परिसर में ही ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है, जहां पिछले कुछ दिनों से टेंट के सामान पड़े हुए हैं। इसके अलावा हर तरफ गंदगी पसरी हुई है। रात के समय अंधेरा का फायदा उठाकर शरारती तत्व संदिग्ध गतिविधियां कर रहे हैं। मामले को लेकर कई बार पुलिस से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। वर्तमान में बनाया गया यह ऑडिटोरियम अनदेखी का शिकार है।

### जुलाई 2022 में किया गया ऑडिटोरियम का निर्माण, इसके बाद से उपयोग नहीं

नगर पालिक निगम भिलाई ने ऑडिटोरियम का निर्माण जुलाई 2022 में कराया। 13 जुलाई 2022 को कार्यादेश जारी हुआ। 21 सितंबर 2022 को बनकर तैयार किया। इसके बाद इस ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद से ऑडिटोरियम का समुचित उपयोग नहीं हो पाया है। ऑडिटोरियम के दरवाजे-खिड़कियों में टूटफूट हो गई है। प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम ठप पड़ गए हैं। कई सामान चोरी हो गए हैं। विद्यार्थियों की मानें तो ऑडिटोरियम का उचित रखरखाव और सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से दिक्कत बनी हुई है। इसका समुचित उपयोग भी नहीं हो पा रहा है।




### नगर निगम भिलाई की देखरेख में है ऑडिटोरियम

ऑडिटोरियम की देखरेख नगर निगम भिलाई करता है। संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूर्व के प्राचार्यों ने शिकायत की थी। मुझे आए ज्यादा समय नहीं हो पाया है। ऑडिटोरियम बंद है। इस बारे में निगम अधिकारियों से बात करें तो बेहतर होगा।

**- बलजीत कौर**
प्राचार्य नवीन कॉलेज खुर्सीपार

### जानकारी ली जाएगी व्यवस्था को सुधारा जाएगा

कॉलेज परिसर में बने ऑडिटोरियम के बारे में जानकारी ली जाएगी। फिलहाल मुझे अधिक जानकारी नहीं है। सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। कॉलेज प्रबंधन से भी बात की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मेंटेनेंस भी कराया जाएगा।

**- अमरनाथ दुबे**
आयुक्त शिवाजी जोन-4 नगर निगम भिलाई

# पारिवारिक झगड़े के कारण पति ने गला दबाकर की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महिला के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है। नेवई प्रभारी कमल सेंगर ने बताया कि एचएससीएल कालोनी मरोदा निवासी इकल दुबे और दीक्षा दुबे का विवाह 11 जुलाई 2024 को शादी हुई थी। शादी के शुरुआती दिनों में दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। उसके बाद पति पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। घटना की शाम भी दीक्षा और इकल के मध्य घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था। आक्रोश में आकर इकल ने दीक्षा का गला दबाकर हत्या कर दी। इकल दुबे का मूल निवास राजनांदगांव है। दीक्षा का मायका ग्राम खपरी में है। परिजनों के मुताबिक दीक्षा के साथ पति इकल अक्सर मारपीट करता था। कई बार मायके छोड़ कर चला जाता था फिर उसे लेने पहुचता था। इस तरह से साल गुजर गया। पति इकल का पूरा परिवार मरोदा में निवास करता है। इकल उक्त कालोनी में किराए का मकान लेकर रहा करता था। इकल दुबे वर्तमान में पूजा पाठ का काम करता है। पत्नी की हत्या करने के बाद इसकी जानकारी आरोपी किसी को नहीं दिया था।



### हत्या का खुलासा नहीं हो पाया

पति इकल दुबे को नेवई पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पत्नी दीक्षा की हत्या करने का कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस पति से लगातार पूछताछ कर रही है। इसके अलावा आरोपी पति के परिजनों से भी घटना को लेकर पुलिस पूछताछ कर सकती है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद दीक्षा के शरीर में कितने जगह चोट आए है। इसकी जानकारी पुलिस को मिल पाएगी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## पूजा स्पेशल ट्रेन दुर्ग और हजरत निजामुद्दीन रेलवे ने किया शुरु

**भिलाई**। दक्षिण पूर्व मद्य रलेवे ने राष्ट्रीय त्यौहारो के अवसर पर ट्रेन में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग और हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य आठ फेरे के लिये किया गया। यह ट्रेन दुर्ग से 08760 व हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से ट्रेन 08761 के साथ चलेगी। इस ट्रेन में 1 एसएलआरडी, 3 सामान्य, 4 शयनयान, 8 एसी-3, 1 एसी 2, 02 एकोनोमिक्स 3 समेत कुल 20 कोच की सुविधा है। ट्रेन 08760 दुर्ग हजरत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर तक और ट्रेन 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक छुटेगी। ट्रेन 08760 दुर्ग-हज़रत निज़ामुद्दीन प्रत्येक रविवार को 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर को दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होगी। ट्रेन 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन दुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक 12.30 बजे रवाना होगी।







## खबर संक्षेप



### निकाली तिरंगा रैली दिया एकता व अखंडता का संदेश

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं आम जनता में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई, जहां कुलपति डॉ. प्रो संजय तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। रैली में छात्रों ने देशभक्ति नारों, बैनरों एवं झंडों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरती हुई पुनः विश्वविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। इस आयोजन में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारत की एकता व अखंडता का संदेश दिया। ध्वजारोहण कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, प्रो. जनेंद्र कुमार दीवान ने किया। कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने भी इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया।

### पवन केसवानी को मिला विशेष सम्मान



**भिलाई।** अंगदान और देहदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए विगत 18 वर्षों से लगातार काम कर रहे प्रणाम संस्था के अध्यक्ष पवन केसवानी को शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, बिलासपुर में विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में अंगदान एवं देहदान वर्तमान प्रक्रिया, परिदृश्य, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पवन केसवानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

# मनमर्जी से चला रहे हरदी स्कूल, परसुली समय से पहले बंद, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय दुर्ग, बालोद व राजनांदगांव जिले के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासकीय स्कूल हरदी में स्कूल अपनी मनमर्जी से सुबह पाली में लगाई जा रही है। जबकि एक परिसर में संचालित एक स्कूल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाना है। इस पर संयुक्त संचालक ने निर्देश दिए कि शासन के गाइड लाइन के अनुसार स्कूल लगाए। रानीतराई स्कूल में शिक्षक अपनी कक्षाओं में किताबें देख-देखकर पढ़ाते मिले। मोबाइल भी रखे हुए थे। परसुली स्कूल समय से पहले ही बंद मिला। दुर्ग जिले में भी शासन के निर्देशानुसार शनिवार को विद्यालय पूरे समय संचालित नहीं हो रहे हैं। इसलिए दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार शनिवार को 10 बजे से 4 बजे तक विद्यालयों का संचालन कराना सुनिश्चित करें।

## संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय के औचक निरीक्षण के दौरान खुलासा

### हेडमास्टर व दो शिक्षक गैरहाजिर

जेडी उपाध्याय को हेडमास्टर व दो शिक्षक अनुपस्थित मिले। प्राथमिक शाला सोमनी की अनुपस्थित प्रधान पाठक नरेश कुमार दुरुगकर एवं एवं सहायक शिक्षक अपर्ण रामटेके को कारण बताओ सूचना जारी किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों को प्रेरित किया जेडी ने

जेडी उपाध्याय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, शासकीय उच्चतर विद्यालय हरदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय। देवरी बांग्ला प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसूली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी में प्रार्थना सभा में उपस्थित हुए एवं प्रार्थना उपरान्त विद्यार्थियों से। विद्यार्थियों के गुण एवं लक्षणों के संबंध में चर्चा करते हुए विभिन्न कहानियों एवं प्रेरक उदाहरणों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



**इस स्कूल में पहले से ही छुट्टी :** जेडी उपाध्याय ने कक्षा 12वीं के छात्रों से चर्चा की एवं उनके अध्ययन अध्यापन के बारे में जानकारी लेते हुए बेहतर शिक्षण हेतु निर्देश दिया एवं प्रेरित किया। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवरी बांग्ला में समय से पूर्व ही छात्रों को छुट्टी कर दी गई। नाराज जेडी ने जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को निर्देशित किया की प्राचार्य स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय के खिलाफ नियम विरुद्ध कार्य करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

### परसुली हेडमास्टर को निलबंन के निर्देश

शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला परसूली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। 1. 30 बजे दोनों विद्यालय बंद पाए गए विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी लोहारा से इस संबंध में जानकारी लिया एवं प्राथमिक शाला परसुली के प्रधान पाठक के ऊपर कार्रवाई करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को निर्देशित किया व परसूली के प्रधान पाठक साहू के द्वारा समय से पूर्व विद्यालय बंद किए जाने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

## अनियमितता : अंजनी पैलेस वार्ड 17 को लेकर निगम में हुई थी शिकायत

# टैक्स वसूली में गड़बड़ी : 3.58 लाख कम संपत्तिकर की वसूली, स्वविवरणी भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग में कम टैक्स वसूली को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। इस मामले में अनियमितता के संदेह को लेकर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम के अधिकारी सहित चार कर्मियों को नोटिस जारी किया है। राजस्व अधिकारी रामकमल बोरकर, तत्कालीन सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोईर, उप राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा और राजस्व निरीक्षक बलदाऊ पटेल को नोटिस जारी तक तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

इस मामले में शिकायत के आधार पर आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। शिकायत के मुताबिक वार्ड-17 में अंजनी पैलेज लाखन पिता श्याम सुंदर सिंह की फर्म से करीब 3.58 लाख रुपए की कम वसूली गई है। खास बात यह है कि इस मामले में स्वविवरणी रिपोर्ट भी गायब है, जब जिम्मेदार कर्मचारियों से आयुक्त ने जानकारी चाही, तो उन्होंने स्वविवरणी रिपोर्ट भी नहीं होने की बात कही। बता दें कि स्वविवरणी में उपलब्ध कराई जानकारी के आधार पर ही कर का निर्धारण किया जाता है। इस मामले में हुई जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

## नगर निगम दुर्ग के राजस्व अधिकारी बोरकर सहित 4 कर्मचारियों को नोटिस




### शिकायत के बाद जांच टीम गठित, प्रतिवेदन के बाद कार्रवाई, तीन दिन में जवाब देने कहा

जानकारी के मुताबिक इस मामले में हुई शिकायत के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जांच कमेटी गठित की। जांच टीम ने सभी पक्षों की जानकारी ली। दस्तावेजों का परीक्षण किया। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट आयुक्त को प्रस्तुत की। प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त ने चारों जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों को नोटिस जारी किया। उन्हें तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। साथ ही संतोषजनक जवाब नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट अब तक प्रस्तुत नहीं की गई है। खबर है कि अगले दो दिन अवकाश होने की वजह से सोमवार यानी 25 अगस्त को जवाब प्रस्तुत किया जाना है। अनियमितता सामने आने के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों के हाथ-पैर फूलने लगे हैं।

### जानिए, जांच प्रतिवेदन में क्या कुछ जिसके आधार पर कर्मचारियों को नोटिस

जानकारी के मुताबिक जांच प्रतिवेदन में 3.58 लाख रुपए की कम वसूली की बात सामने आई है। अंजनी पैलेस के स्थल निरीक्षण के दौरान भवन स्वामी से टैक्स रसीद और बीसीसी डायवर्सन की प्रतिलिप ली गई। खुली भूमि का डायवर्सन वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक 3 वर्ष की अधिभार सहित संपत्तिकर व अन्य कर 3,25,555 और निर्मित क्षेत्र में 32,935 रुपए कु 3,58,490 रुपए की कम वसूली हुई। इस प्रकार निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। इसके बाद भवन स्वामी ने स्वविवरणी की मांग की, लेकिन विवरणी नहीं मिल पाई, बाद में जानकारी दी गई कि विवरणी गुम है। इसके कारण संपत्तिकर मं अंत 32,935 रुपए का नियमानुसार 5 गुना करदाता से बिना विवरणी के अधिरोपित नहीं किया जा सकता। इस प्रकार निर्मित क्षेत्र की अंतर की राशि यानी 5 गुना 1,64,675 रुपए जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों से वसूला जाना प्रस्तावित है। आयुक्त ने इसे घोर लापरवाही कहते हुए नोटिस जारी किया है।

### निगम में चलेगा अभियान, ऐसे सभी मामलों में होगी जांच

जानकारी के मुताबिक इस मामले के खुलासे के बाद निगम आयुक्त ने शहर में सभी प्रमुख मामलों के जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सर्वे होगा। ऐसे सभी मामलों की जांच होगी। बता दें कि लंबे समय तक शहर में स्पैरो नामक संस्था ने टैक्स की वसूली की। इस दौरान कई अनियमितता भी सामने आई। एजेंसी को रिकवरी नोटिस भी जारी किया, लेकिन स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। वर्तमान में निगम का राजस्व अमला टैक्स की वसूली कर रहा है। इसके बाद से लगातार कई मामलों में अनियमितता सामने आ रही है। सामान्य से कम टैक्स निर्धारण की शिकायतें सामने आ रही है। इधर जिम्मेदार अधिकारियों को पदीय दायित्व के निर्वहन में इस प्रकार की चूक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की कंडिका 3 के प्रावधानों के विपरीत माना है।

### जांच प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया है नोटिस



जांच प्रतिवेदन के आधार पर चारों कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। संपत्तिकर का काम आकलन किया गया है। इसके अलावा स्वविवरणी भी गायब है। जवाब के आधार पर चारों पर कार्रवाई की जाएगी। मामला काफी गंभीर है।
**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

# चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग का साढ़े 16 करोड़ से होगा चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए शासन से एक और सौगात मिली है।



केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल पर राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य हेतु 16.53 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए है। आस पास के गांव से दुर्ग आने वाले नागरिकों का सफर सुगम होगा।

- मंत्री गजेंद्र की पहल पर हेतु 16 .53 करोड़ स्वीकृत

इस स्वीकृति से दुर्ग शहर के विकास को नई गति मिलेगी। शहर के भीतरी क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सहूलियत होगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगा। चंडी मंदिर से नयापारा सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं सड़कों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

घनी आबादी जुड़े क्षेत्र के इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय जनता बरसों से कर रहे थे, उनकी लंबित मांग को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिए और इंजीनियर की टीम के साथ मौका का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कराए और शासन स्तर पर 16.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग शहर के सतत विकास और नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है।

चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र की सौंदर्यता और यातायात व्यवस्था में भी बड़ा सुधार आएगा। इससे न केवल दुर्ग शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी सुगम यातायात का लाभ प्राप्त होगा।

### क्रेडा अध्यक्ष ने किया ऊर्जा शिक्षा उद्यान का निरीक्षण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने विगत दिवस पाटन विकासखंड अंतर्गत ऊर्जा शिक्षा उद्यान पंदर-देमार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री सवन्नी ने निर्माणाधीन फूड जोन (कैंटीन, कैफेटेरिया) को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क के कोई पाउंड क्षेत्र में आकर्षक वॉटरफॉल निर्माण, कबड्डी एवं रेसलिंग एरिया के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए भी अधिकारियों को कहा। पार्क परिसर में शेष विद्युतिकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार सुरक्षा प्रहरियों की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

# स्कूटी पर रिकेश निकले वार्डों की समस्याएं जानने, हर वार्ड को आदर्श बनाने दोहराया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्डों की समस्याएं जानने विधायक रिकेश सेन शुक्रवार की शाम सुपेला राधिका नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्ड की खराब सड़कों और खाली पड़े मैदान को दुरूस्त और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। लगभग 4 घंटे तक उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण करते हुए स्ट्रीट लाईट, नाली, साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। वार्ड में हर ऐसी जगह जो सदुपयोग के अभाव में झाड़ी और गंदगी से अटी पड़ी है, उसे साफ कर उद्यान और खेल मैदान के रूप में विकसित करने सूचीबद्ध किया। जब वार्डवासियों ने लंबे समय से कुछ जर्जर सड़कों के संधारण की मांग की तो विधायक ने तत्काल अधिकारियों से चर्चा कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। ऐसी सड़कें जो दुरूस्त होते हुए भी कुछ जगह पर खराब हैं, उनको तुरंत पेंच वर्क से ठीक करने काम भी शुरू करवाया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा के हर वार्ड को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ उन्होंने वार्ड चलो अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में वो राधिका नगर वार्ड क्रमांक-7 पहुँचे हैं, यहां क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता सहित राधिका नगर वार्ड के अनेक लोग शामिल हुए।

- सीधे संवाद से हल होंगी समस्याएं

# बारिश से नालियां जाम, नहीं उठ रहा कचरा, आपदा से निपटने अधूरी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने बारिश के दिनों में आपदा से निपटने के लिए की तैयारी पर सवाल उठाए हैं। संगठन के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग में बारिश की वजह से लगातार नालियां जाम की समस्या सामने आ रही है। भिलाई में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। आपदा प्रबंधन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी जाने वाली राशि का उपयोग कहां हो रहा, इसकी जांच होनी चाहिए। करोड़ से आपदा प्रबंधन के नाम पर खेल चल रहा, कहीं कोई स्पष्ट जानकारी शासन-प्रशासन द्वारा नहीं दी जा रही है। कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन का पूरा काम केवल एक कमरे में हो रहा है।

- आम आदमी पार्टी ने की शिकायत

बारिश में कहीं भी जल भराव हो उसकी जानकारी देने केवल एक फोन नंबर जारी किया गया है। इस नंबर की जानकारी भी लोगों को नहीं है। अफसर मान लेते हैं कि जल भराव की वजह से लोगों को ज्यादा समस्या नहीं है! सड़क पर गिरे पेड़ को हटाना हो या उसे काटना हो, बिजली के खम्भे हटाना हो या वायर को ठीक करना हो इस तरह किसी भी काम करने के लिए प्रशासन के पास कोई आधुनिक उपकरण नहीं होते, सारा काम लेबरों के भरोसे चल रहा है। किसी मोहल्ले में अगर ज्यादा पानी भर गया हो तो लोगों को शिफ्ट करने के लिए ना तो कोई वोट आदि है ना ही कोई अन्य उपकरण है यही वजह है कि लगातार बारिश के बाद प्रशासन, पुलिस और निगम के अफसर केवल पानी उतरने का ही इंतजार करते हैं। जिले के सभी तहसीलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाने में 24 घंटे निगरानी का आदेश जारी कर अफसर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

**फसल बीमा** का डिजिटल सर्वे 30 सितंबर तक होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसके लिए राजस्व विभाग को निर्देश जारी किए हैं।




## बीएमवाय चरोदा में होने वाले आयोजन को लेकर हुई बैठक

# रेलवे स्टाफ 7 को मनाएगा तीज उत्सव, सांसद बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़िया रेल अधिकारी-कर्मचारी संगठन द्वारा 7 सितंबर को बीएमवाय चरोदा के सांस्कृतिक भवन में तीजा मिलन पारिवारिक समारोह का आयोजन किया गया है।

- तीजहारिन बहनों को परम्परानुसार मिलेगी साड़ियां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता कृष्णा चन्द्राकर सभापति नगर निगम भिलाई चरोदा करेंगे। विशिष्ट अतिथि निर्मल कोसरे महापौर भिलाई-चरोदा होंगे। बता दें कि कार्यक्रम के दिन चरोदा में मेला-मड़ई जैसा माहौल रहता है। इस आयोजन में एक हजार से भी अधिक रेलवे कर्मचारी परिवार सहित शामिल होते हैं।

संगठन अध्यक्ष चेतन साहू व सचिव मनोज वर्मा ने बताया कि बीएमवाय चरोदा में पूरे रायपुर मण्डल के रेलवे स्टाफ द्वारा तीजा परिवारिक मिलन समारोह की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन द्वारा लगातार सभी विभागों व महिलाओं की बैठक कर आयोजन को सफल बनाने जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजन के दौरान रेलकर्मियों द्वारा तीजा त्योहार के बाद समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं चम्मच दौड़, मटका फोड़, नारियल फेंक, म्युजिकल कुर्सी दौड़ भी आयोजित की जाती है। वहीं महिलाओं का सोलह श्रृंगार, छत्तीसगढ़ी व धार्मिक गाना-नृत्य, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में जोड़ों का रैंप वॉक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी तिजहारिन बहनों को छत्तीसगढ़ी परम्परा के अनुसार तीजा की साड़ी और प्रतियोगी बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। छालीवुड स्टार दिलेश साहू, अनुकृति चौहान, दीपक साहू व अन्य कलाकार भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बच्चों व महिलाओं के लिए झूला व कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गुरु खुशवंत साहेब से भाजपाइयों ने की मुलाकात

**उतई।** गुरु खुशवंत साहेब को छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर भाजपा के स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मिलकर शुभकामनाएं दी। केशव महिपाल अध्यक्ष सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा, सक्रिय कर्मठ युवा भाजपा कार्यकर्ता एवं बीरेभाठ सरपंच ज्ञान दास नारंगे ने कहा कि समस्त छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम की ओर हमेशा बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर एस.के. यादव , हिंछाराम महिपाल, बीएल नारंगे एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुआवज़ा गाइडलाइन का पालन करें कलेक्टर : सांसद

**उतई।** ग्राम मचान्दुर सहित 19 गांवों के किसानों को 400 के.वी. ट्रांसमिशन लाइन विस्तार कार्य में कम मुआवज़ा दिए जाने की शिकायत पर सांसद विजय बघेल ने जिला कलेक्टर दुर्ग को पत्र लिखकर शासन गाइडलाइन का तत्काल पालन करने के निर्देश दिए हैं। सांसद ने अपने पत्र में स्पष्ट कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश के अनुसार टावर बेस हेतु भूमि मूल्य का 200 प्रतिशत तथा राइट ऑफ वे कॉरिडोर हेतु 30 प्रतिशत मुआवज़ा दिया जाना चाहिए। मगर मौके पर किसानों को टावर बेस का केवल 80 प्रतिशत और राइट ऑफ वे का मात्र 15 प्रतिशत मुआवज़ा दिया जा रहा है, जो शासन के आदेश का उल्लंघन है। सांसद विजय बघेल ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन को इस पर गंभीरता से जांच कर किसानों को उनके अधिकार का लाभ दिलाना होगा। ढालेश साहू जनपद सदस्य, दुर्ग ने भी किसानों की ओर से समर्थन जताते हुए कहा कि – "किसानों को आधा-अधूरा मुआवज़ा देना सीधा अन्याय है। यदि शासन ने स्वयं गाइडलाइन जारी की है तो प्रशासन को उसका पालन करना ही होगा।

## निधन

### के.लीला

**भिलाई।** क्वार्टर क्रमांक 8ए, गली 27, सेक्टर 10 निवासी के.लीला



85 वर्ष का निधन 22 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. वी.कुमार की पत्नी, स्व. के.हरि की मां, के.नंद कुमार, महाप्रबंधक कोक ओवन बीएसपी और के.एल. जयलक्ष्मी, प्रीति नंद कुमार की सास थीं।

### वीरेंद्र कुमार अग्रवाल

**भिलाई।** वैशालीनगर निवासी वीरेंद्र कुमार अग्रवाल का शनिवार



की शाम करीब 4 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में 24 अगस्त की सुबह करीब साढ़े 10 बजे किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकाली जाएगी। वे राजेंद्र अग्रवाल देवरी वाले के छोटे भाई और विवेक अग्रवाल के पिता थे।

**उपलब्धि : प्रतियोगिताओं की 11 विधाओं में खिलाड़ियों ने जीते पुरस्कार**

# कला उत्सव में पाटन के बच्चों ने दिखाई अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

जिला स्तरीय कला उत्सव में पाटन विकास खंड के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें ग्यारह विधाओं में पांच पर प्रथम एवं चार विधा में द्वितीय स्थान पर रहे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे के सतत मार्गदर्शन ,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा अग्रवाल एवं सविता महिलांगे के संयोजन सह समस्त प्राचार्य एवं प्रभारी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

विकास ख़ंड पाटन के कला उत्सव समन्वयक मोहित कुमार शर्मा एवं लखेश्वर साहू ने बताया कि प्रतिभागियों का चयन विद्यालय, संकुल पश्चात मर्रा,पाटन,जामगांव एम तथा भिलाई जोन के चयनित विद्यार्थियों का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झीठ में विकास खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन के आधार पर किया गया। विकास खंड से चयनित शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने महावीर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग मे विधा के अनुरूप प्रस्तुति देकर सम्मानित हुए।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रदर्शन**



इस अवसर पर संयुक्त संचालक शिक्षा हेमन्त उपाध्याय मुख्य अतिथि थे और अध्यक्षता अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने की। प्रतियोगिता में शास्त्रीय नृत्य में शिवोम विद्यापीठ सांकरा प्रथम,नाटक में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम पांहदा प्रथम, दृश्यकला मे स्वामी आत्मानंद विद्यालय रानीतराई प्रथम,शास्त्रीय गायन में शिवोम विद्या पीठ सांकरा प्रथम तथा समूह वादन में स्वामी आत्मानंद विद्यालय रानीतराई प्रथम, कहानी वाचन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जामगांव आर द्वितीय, समूह गायन में स्वामी आत्मानंद विद्यालय अमलेश्वर द्वितीय, नाटक में स्वामी आत्मानंद विद्यालय रानीतराई द्वितीय स्वर वादन में स्वामी आत्मानंद विद्यालय चरोदा एवं समूह नृत्य में स्वामी आत्मानंद विद्यालय अमलेश्वर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। समस्त विधाओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे।

इस सफल आयोजन के लिए बीआरपी खिलावन चोपड़िया, समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक के साथ जोन प्रभारी भरत साहू,रोशन देशमुख,खिलेश वर्मा,महेंद्र बहादुर,महेंद्र वर्मा,आदि के साथ निर्णायक भूमिका में सेवा निवृत्त शिक्षक कृष्ण कुमार धुरंधर, परस राम साहू, रामकुमार वर्मा व्याख्याता देवेन्द्र बन्छोर सिरसाकला, रुमा कमल अवधिया शिक्षक घुघवा जमराव एवं डी.चन्द्रा शिक्षक खम्हरिया ने अपनी सहभागिता दी। खंड एवं जिला स्तर पर मंच संचालन में सहयोग पाटन विकास खंड समन्वयक मोहित कुमार शर्मा शिक्षक एवं लखेश्वर साहू का रहा।

# छत्तीसगढ़ खो-खो लीग के लिए 8 खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्राम पाऊवारा के स्पोर्ट्स क्लब पाऊवारा के 8 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ खो खो लीग के लिए हुआ है। क्लब के मुख्य प्रशिक्षक सुमन लाल साहू ने बताया कि राहुल , गौरव, दीपांशु, सुनील, उमा, हिना, पायल और रागिनी चयनित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ का पहला लीग खो खो टूर्नामेंट कबीरधाम कवर्धा में 22 अगस्त से 24 अगस्त तक होगा । जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के 4-4 टीमो को खो खो लीग मैच खेलने का अवसर मिल रहा है। इससे पहले भी स्पोर्ट्स क्लब पाऊवारा के 35 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर व 70 से अधिक खिलाड़ियों ने राज्य स्तर एवं 2 खिलाड़ियों ने खो-खो खेल में इंडिया केम्प तक भाग ले चुके है। लगातार 6 वर्षों से यहां के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में पाऊवारा गाँव का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए पुर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरंक्षकगण विमल गजपाल, हर्ष साहु, होमन साहू, राजेश साहू, दीपक यादव, सुनील यादव, तामेश्वर घँघोरी, बालकदास, अशोक रिगरी, वामन साहू, निर्मला हिरवानी, बीरेंद्र साहू, पितेश साहू, धर्मेंद्र, दिलीप, सरपंच मीना यादव, अध्यक्ष हेमलाल यादव, मुख्य प्रशिक्षक - सुमन लाल साहू, सभी प्रशिक्षकगण दमेश सोनवानी, सोनू साहू, यशोदा साहू, संदीप हिरवानी, विकास आदि ने शुभकामनाएं दी।

■ खो खो टूर्नामेंट कबीरधाम में 24 अगस्त तक आयोजित

# नंदी बैल की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पोला का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर में नंदी बैल की पूजा कर किसानों ने अच्छी फसल की कामना की। अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन,देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित विभिन्न गांवो की गलियों में छोटे बच्चे मिट्टी के नंदी बैल के साथ खेलते रहे। लड़कियां भी चुकी-पोरा लेकर समूह बनाकर दिनभर खेल में जुटी रहीं। पोला के त्योहार को लेकर कुछ दिन पहले से ही माहौल नजर आने लगा था। बाजार में नंदी बैल बिकने पहुंचे थे। लोगों ने अपने बच्चों के लिए नंदी बैल, चूकी पोरा और अन्य सामानों की खरीदारी की थी। त्योहार को लेकर छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। किसानों ने बैलों को नहला- धुलाकर उन्हें सजाया-संवारा और पूजा कर समृद्धि की कामना की। पुरुष वर्ग पूजा विधान में जुटे रहे और महिलाएं विशेष पकवान बनाने में व्यस्त थीं।



### ग्लोबल कॉन्फ्रेंस मकाउ में शामिल हुए कृष्णा देवांगन

**पाटन।** छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। पाटन निवासी और इंश्योरेंस सॉल्यूशन के संस्थापक कृष्ण कुमार देवांगन ने लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित एम डी आर टी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस मकाउ–चीन में भाग लेकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की यह यात्रा केवल सफलता की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, विश्वास और अथक परिश्रम का जीवंत उदाहरण है। सड़क किनारे फल बेचने से जीवन की शुरुआत करने वाले कृष्ण कुमार आज बीमा एवं वित्तीय जगत की ऊँचाइयों पर हैं।



# गणपति की प्रतिमाओं को दे रहे आकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम अंडा में प्रथम पूज्य और विघ्न विनायक भगवान गणेश के आगमन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी यानी 27 अगस्त से शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए मूर्तिकार दिन-रात प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हालांकि, इस बार गणेश भक्तों को मूर्तियां खरीदने के लिए पिछले साल की तुलना में अधिक जेब ढीली करनी पड़ सकती है। रंग-रोगन और साज-सज्जा के सामानों में हुई भारी बढ़ोत्तरी के कारण मूर्तियों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। दुर्ग जिले के दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुथरेल के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार उमेश साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी अपनी कलाकारी से बाहर से मिट्टी लाकर गणेश प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं। इस बार भी उनके पास 300 रूपये से 20 हजार तक सैकड़ों मूर्ति बनी है। उन्होंने अपनी कला से अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए वे पूरी लगन से इस कला को जीवंत रखते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार भी बड़ी मूर्तियां बनी है। कुछ मध्यम और कुछ सांचे से छोटे-छोटे बाल गणेश की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। अब प्रतिमाओं को रंग-रोगन देने का काम शुरू हो गया है। कुछ मूर्तियों की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। मूर्तिकार उमेश साहू ने बताया कि अब हर बड़े गांव में बहुत से मूर्तिकार गणेश प्रतिमाएं बना रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

# अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों को जाना स्कूली बच्चों ने, प्रतियोगिताओं में भागीदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ भिलाई में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न क्रियाकलाप और गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें अंतरिक्ष दिवस पर भाषण शुभा शर्मा और विज्ञान प्रश्नोत्तरी में युवल देवांगन ने अपनी प्रस्तुति दी।

इसी तरह चंद्रयान लॉन्चिंग पर वीडियो का प्रदर्शन छात्रों के लिए किया गया। एनसीईआरटी की वेबसाइट पर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी सोमा सेल गुहा ने दी, जिससे बच्चे अंतरिक्ष पर अपनाज्ञानवर्धन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गीतू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारत में 23 अगस्त को मनाया जाने वाला दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विशेष रूप से चर्चा में है क्योंकि यह चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की दूसरी वर्षगांठ है। इस दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में इसरो की चंद्रयान-3 लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की सुनीता गावंडे, सोमा शील गुहा, सृजन, अनिल कुमार शर्मा, शैलेश बेंजामिन, एबी सिंह, निधि केरकेट्टा, रीना साहू, डी. के. ठाकुर, मोनिका देवी, डी. ए. गिरिया, उमेश कुमार संत, माधुरी, आंचल सिंह, मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा जानकी सिन्हा, श्वेता भट्ट, ममता साहू, चंद्रकांत साहू उपस्थित थे।

■ केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ उतई भिलाई में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन




कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग
-: आम सूचना:-
विषयः - सीमांकन / स्थल जांच हेतु।
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 27/5/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री कीमत सिंह लहरी पिता जसवंत सिंह लहरी निवासी स्मृति नगर ग्राम कातुलबोर्ड प. ह. नं. 42 रा०नि०म० तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/13 रकबा 0.0970 हे. भूमि स्वामी क्रांतिलाल पारे पिता गोविन्द पारे का सीमांकन / स्थल का जांच दिनांक 28/8/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
राजस्व निरीक्षक तितुरडीह

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग
-: आम सूचना:-
विषयः - सीमांकन / स्थल जांच हेतु।
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 27/5/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री अशोक कुमार तिवारी खुद व वली तरफ से एकांश तिवारी निवासी सेक्टर 2 भिलाई ग्राम कातुलबोर्ड प. ह. नं. 42 रा०नि०म० तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/13 रकबा 0.0970 हे. भूमि स्वामी क्रांतिलाल पारे पिता गोविन्द पारे का सीमांकन / स्थल का जांच दिनांक 28/8/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
राजस्व निरीक्षक तितुरडीह तहसील, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग
-: आम सूचना:-
विषयः- सीमांकन / स्थल जांच हेतु।
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 27/5/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री ललित कुमार सिंह पिता धर्मपाल सिंह निवासी सेक्टर 4 ग्राम कातुलबोर्ड प. ह. नं. 42 रा०नि०म० तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/13 रकबा 0.0970 हे. भूमि स्वामी क्रांतिलाल पारे पिता गोविन्द पारे का सीमांकन / स्थल का जांच दिनांक 28/8/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
राजस्व निरीक्षक तितुरडीह

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग
-: आम सूचना:-
विषयः - सीमांकन / स्थल जांच हेतु।
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 27/5/2025 के आदेशानुसार आवेदक श्री राजेंद्र सिंह पिता बलवीर सिंह निवासी स्मृति नगर ग्राम कातुलबोर्ड प. ह. नं. 42 रा०नि०म० तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/13 रकबा 0.0970 हे. भूमि स्वामी क्रांतिलाल पारे पिता गोविन्द पारे का सीमांकन / स्थल का जांच दिनांक 28/8/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।
राजस्व निरीक्षक तितुरडीह तहसील, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**11 मिलियन टन का लक्ष्य बना चुनौती**

# सेल के 30 एमटी इस्पात उत्पादन लक्ष्य पर भारी पड़ सकता है बीएसपी का आधुनिकीकरण-विस्तारीकरण प्रोजेक्ट में विलंब, बढ़ जाएगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

**अलग खबर**

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया) के आगामी विस्तार के लक्ष्य में कंपनी की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र की बड़ी भूमिका रहेगी। लेकिन इस मामले में बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण परियोजना में लेटलतीफी भारी पड़ सकती है। एक्सपांशन प्रोजेक्ट में विलंब का चौतरफा असर पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2031 तक सेल के 30 मिलियन टन इस्पात उत्पादन के विस्तार की योजना है। इसके तहत सेल के प्रमुख संयंत्र बीएसपी और बोकारो स्टील प्लांट का उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिकीकरण और विस्तार किया जाना है। पिछली एक्सपांशन प्रोजेक्ट 2016-17 में पूर्ण होने के बाद बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलिटन टन क्षमता हो गई है। आगे 11 मिलियन टन का लक्ष्य है। लेकिन वर्तमान में बीएसपी में साढ़े पांच मिलियन टन ही इस्पात उत्पादन



## समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने से पड़ेगा चौतरफा दबाव

हो रहा है। इसकी वजह रा मटेरियल की कमी और फिर बीएसपी का आगामी विस्तारीकरण प्रोजेक्ट भी अब तक शुरु नहीं हो पाना है। प्रोजेक्ट में लेटलतीफी से सेल का 30 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य कैसे पूरा होगा, इस सवाल से सेल प्रबंधन के साथ इस्पात मंत्रालय भी जूझ रहा है । यूनियन सूत्रों के मुताबिक समय पर लक्ष्य पूरा नहीं होने से चौतरफा प्रभाव पड़ेगा। बीएसपी सहित सेल कंपनी और कार्मिकों की भी दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

### लागत बढ़ने से कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ेगा असर

कंपनी का उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना में विलंब बढ़ने से इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़ती जाएगी। इसका असर कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ सकता है। वहीं घरेलू और विश्व बाजार में सेल को इस्पात की डिमांड पूरा करने में भी कठिनाई आएगी। फिर मेन पावर तेजी से कम हो रहा है और विशेषज्ञ टेक्नोक्रेड व टेक्निशियन तेजी से रिटायर हो रहे हैं। यूनियन सूत्रों के अनुसार लागत राशि का बैंक ऋण और ब्याज बढ़ने से इसकी भरपाई आखिर कहां से होगी ? क्योंकि पिछला प्रोजेक्ट वर्ष 2012 में पूरा होना था लेकिन पूरा हुआ 2017 में । पिछल प्रोजेक्ट की लागत साढ़े सत्रह हजार करोड़ राशि थी। कंपनी आगामी प्रोजेक्ट के लिए 32 हजार करोड़ रुपए लोन सेंग्शन करवा रही है।

## खबर संक्षेप

### एक्टिवा चोर गिरफ्तार



**भिलाई।** एक्टिवा चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेहरु नगर ईस्ट निवासी सईद खान की एक्टिवा घर के सामने खड़ी थी। अज्ञात ने वाहन को चोरी कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस हरकत में आते हुए मॉडल टाउन सड़क नं. 01 स्मृति नगर थाना सुपेला निवासी आदित्य बाघ उर्फ आदि को पकड़ा गया। युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। युवक को पुलिस ने घड़ी चौंक के पास से पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस एक्टिवा सीजी 07 सीयू 9581,मोबाईल, धारदार चाकु जब्त किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी थानों में अपराध दर्ज है। आरोपी को पुलिस न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान है।

### नए पाठ्यक्रम पर शिक्षकों को प्रशिक्षण



**भिलाई।** कक्षा छठवीं के नवीन पाठयपुस्तकों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण रिसाली आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दुर्ग ब्लॉक का आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सरस्वती देवांगन, प्रेमलता गुप्ता, साइंस कुमारी नेताम, खेमराज साहू बीआरजी द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा, प्रशिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों पर पाठ प्रदर्शन, साथ ही देवेंद्र तिवारी प्रधान पाठक द्वारा योग के महत्व बताया गया। डाइट से संगीता साहू द्वारा पाठ को बच्चों तक सहजता से संप्रेषित करने की बात कही। नेम सिंह साहू वरिष्ठ संकुल समन्वयक ने कहा कि पाठ पढ़ाने के पूर्व शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में उपस्थित रहे। पाठ में आ रही गतिविधियां भी कक्षा में कराई जाय, पाठ का शीर्षक एवं कवि एवं रचनाकार के बारे में भी जानकारी बच्चों को दें। समय-समय पर शिक्षकों द्वारा गीत, पाठ प्रदर्शन, जादू, खेल, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण, कला शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा की भी जानकारी बीआरजी ग्रुप द्वारा दिया जा रहा। विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, बीआरसी श्रवण सिन्हा द्वारा भी शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया।

**मौसम : जिले में अब हो गई 697.9 मिलीमीटर औसत बारिश**

# भादो में लगी पूरे दिन झड़ी, एक दिन में 24.5 मिमी बारिश, खेती के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भादो में पूरे दिन शनिवार को झड़ी लगी रही। रूक-रूक कर बारिश चली। एक ही दिन में दुर्ग जिले में 24.5 मिलीमीटर की बारिश दर्ज की गई है। यह बारिश ऐसी रही कि पूरे जिलेभर लगभग समान बारिश हुई। इसलिए इसे खेती के लिए वरदान माना जा रहा है। किसानों के चेहरे में खुशी छाने लगी है। एक जून से मानसूनी सीजन शुरू है और अब तक 697.9 मिलीमीटर की बारिश हो चुकी है। पिछले साल 733.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस हिसाब से औसत बारिश से 5 मिलीमीटर की कमी है लेकिन जिस तरह से सिस्टम प्रभाव डाल रहा है उससे और बारिश की उम्मीदें बनी हुई है।

### इस तरह जिले में समान बारिश

शनिवार को बारिश जिलेभर में एक जैसी ही रही। भिलाई में 3.4 मिलीमीटर बारिश हुई। दुर्ग में 4.6 मिलीमीटर और बोरी में 4.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अहिवारा में 3.8 मिलीमीटर , धमधा में 3.5 मिलीमीटर और पाटन में 5.0 मिलीमीटर की बारिश हुई है।



### एक नया निम्न दाब बन रहा खाड़ी में

मौसम विभाग के मुताबिक एक नया निम्न दाब का क्षेत्र 25 अगस्त को उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट से दूर पश्चिम बंगाल तट पर बनने की संभावना है। इसलिए दुर्ग सहित प्रदेश में 24 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है । भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है ।

### इस तरह द्रोणिका है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर विस्तारित है, इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए क्रमशः कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, डेहरी, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### इस तरह चक्रवाती परिसंचरण हो रहा स्थापित, प्रदेश में कई जगह भारी वर्षा की संभावना

एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर विस्तारित है, इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए क्रमशः कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, डेहरी, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक नया निम्न दाब का क्षेत्र 25 अगस्त को उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट से दूर पश्चिम बंगाल तट पर बनने की संभावना है। प्रदेश में 24 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है ।

**जन समस्याओं से जूझ रहे है लोग**

# पालिका से क्षुब्ध होकर लोगों ने किया व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 18 आजाद चौक क्षेत्र की सड़क लंबे समय से गड्डों और कीचड़ से बेकार हो गया है। बारिश के दिनों में यहां की हालात और भी बिगड़जाते है। जिससे बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों सहित आमजन को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर 11 अगस्त को जामुल पालिका में समस्या के निजात के लिए आवेदन किया गया दिया था। यहां मुरम डालने के लिए जेसीबी मशीन की मांग की थी। लेकिन पालिका की ओर से व्यवस्था को दूरुस्त नहीं किया गया। वार्ड की महिलाओं के साथ वार्ड 6 निवासी रश्मि वर्मा, वार्ड 13 संजय साहू जामुल पालिका पहुंचे थे। इस दौरान पालिका के अधिकारी ने अभद्र व्यवहार करते हुए जेसीबी उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं दोनों के

■ आजाद चौक जामुल में डलवाया गया मुरम

खिलाफ जामुल थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई।

जामुल पालिका की उदासीनता और जनसमस्या की अनदेखी से क्षुब्ध होकर जेसीबीस, ट्रैक्टर की व्यवस्था कर वार्डवासियों की मदद कर मूरम डलवा गया। इस कार्य से लोगों को काफी राहत मिली।

# पेशी में जाने के लिए रुपए मांगे नहीं देने पर युवक पर हमला

## नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पेशी में जाने के लिए रुपए नहीं देने पर प्राण घातक हमला करने वाले युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।



नंदिनी पुलिस ने बताया कि लीला चौरा, दाऊपारा खजरी निवासी रोहित सिंह राठौर से 1 सप्ताह पूर्व सतनामी पारा का रहने वाला राकेश भारती पेशी में जाने के लिए रुपए का डिमांड किया। रुपए देने से इंकार करने पर पीडित पर राकेश भारती, ताराचंद चंदेल, डेविड ने मिलकरर गाली गौलज कर प्राणघातक हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी राकेश भारती, ताराचंद चंदेल डण्डा से पीड़ित को सिर, बाये हाथ, सीना डेविड सतनामी हाथ मुक्का से मारपीट किया। घटना में सिर, पीठ, बाये पैर, बाये कंचा एवं बाये पसली में चोट आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय असपताल अहिवारा से जिला अस्पताल में रेफर किया है।

■ आरोपी पुलिस पकड़ से है बाहर

# झपट्टामारी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

झपट्टामारी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि डबरा पारा भिलाई तीन निवासी कृष्णा दास मानिकपुरी नंदिनी रोड छावनी में घर जाने के लिए आटो का इंतजार कर रहा था। इस दौरान बाइक सवार आया। पीड़ित से पूछने लगा कि कहां जा रहे हो। पीड़ित को आरोपी अपने बाइक में बिठाकर लेकर गया। कुछ दुरी पर उसका दोस्त बाइक पर बैठा था। दोनों ने मिलकर चांदी का चैन, चांदी का ब्रेसलेट, पुरानी घड़ी को झपटमारी कर आरोपी अपने साथ लेकर फरार हो गए। पुलिस में शिकायत होने के बाद मुखबिर की सूचना पर सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। संदेही खुर्सीपार निवासी एस. अमन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपने दोस्त सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी एस. थामस के साथ मिलकर झपटमारी करना स्वीकार किया। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा व टीम का योगदान रहा।

■ डबरापारा भिलाई-3 की घटना

# टाउनशिप से अवैध प्रचार सामग्री हटवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में सड़कों के किनारे अवैध बैनल पोस्टर हटाए जा रहे हैं। बिना अनुमति प्रचार सामग्री लगाए जाने पर प्रबंधन सख्त कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। हर प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक दिवारों, पुल-पुलिया, होर्डिंग्स, बिजली के खम्बो, साइन बोर्ड, सूचना बोर्ड, गार्डन, एटीएम, बाजारों में अव्यवस्थित रुप से अवैध प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। । इससे गंदगी के साथ दुर्घटनाओं का हमेशा खतरा बना रहता हैं।

■ बीएसपी की स्वच्छता बनाने के लिए की अपील

बिना अनुमति और अवैध रूप से शासकीय संपत्ति को नुक्रसान करने और हानि पहुंचाने की दृष्टि से लगायें जाने वाली अवैध प्रचार सामग्री, वाल पेंटिंग, होर्डिंग्स, बैनर, टैम्पलेट, पोस्टर लगाने वाले संस्थानों/ व्यक्तियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के तहत अवैध बैनर एवं पोस्टर हटाए जा चुके हैं। हटाये गये अवैध प्रचार सामग्री के बाद फिर से कुछ लोगों द्वारा प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। अवैध प्रचार सामग्री के साथ बीएसपी टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में बिना अनुमति निर्माण, अतिक्रमण, शेड निर्माण एवं क्वार्टरों पर कब्जा जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही है।



### आज सरस काव्य गोष्ठी, स्थानीय कवि करेंगे कविता पाठ

**भिलाई।** शिखर साहित्य मंच जामुल द्वारा रविवार 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे से मंगल भवन वार्ड क्रमांक 1 मठपारा जामुल में सरस काव्य गोष्ठ का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ के कविगण अपनी कविता, गीत, गजल का पाठ करेंगे। मुख्य अतिथि भिलाई, चरोदा नगर निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर होंगे । व अध्यक्षता नगर पालिका जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर करेंगे। विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेन्द्र सिक्केवाल, अध्यक्ष मुक्तकंठ साहित्य समिति गोविंद पाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के महामंत्री करीम खान उपस्थित रहेंगे। इस्माईल आजाद, चंद्रबर्मन, दीपक निषाद, गिरधर निषाद, प्रिया गुप्ता, गौतम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण साहू, मुरली साहू हैं।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**मच्छर जनित रोगों के खिलाफ बीएसपी का जागरुकता अभियान**

# डेंगू से बचाव के तरीके बता रही बीएसपी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप के नागरिकों को डेंगू, मलेरिया तथा अन्य मच्छरजनित रोगों से सुरक्षित रखने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता एवं नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिला मलेरिया विभाग के सहयोग से भुगतान के आधार पर 120 ब्रीडर चेकर और सर्वेयर की विशेष टीम गठित की गई है। टीमें टाउनशिप के सभी घरों में डेंगू सर्वे कार्य के सा नागरिकों को डेंगू से बचाव के तरीकों के बारे में भी जागरूक कर रही हैं।

नगर सेवाएँ विभाग के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई हैं कि घरों में पानी जमा न होने दें, कूलर और टंकियों की नियमित सफाई करें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें। इसके अतिरिक्त बैकलेन क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें फॉगिंग, टेमीफॉस का वितरण और अन्य कीटनाशकों का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जा रहा है।

इस्पात नगरी में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए 23 जून 2025 से प्रारंभ इस सघन अभियान के अंतर्गत संचालित



गतिविधियों में आवासीय क्षेत्रों का सर्वे और घर-घर निरीक्षण, घरों और बैकलाइन क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव, पोर्टेबल और वाटर फॉगिंग, ऑयलिंग तथा टेमीफॉस का वितरण शामिल हैं। जल संग्रहण के पात्रों कूलर, टंकी, ड्रम आदि को खाली करवाकर उनमें दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।

प्रतिवर्ष डेंगू के मामलों में वृद्धि का प्रमुख कारण एडीज मच्छरों के लिए अनुकूल प्रजनन की स्थिति है। वर्षा ऋतु के दौरान स्थिर पानी का जमाव, घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में पानी संग्रहण और मच्छर नियंत्रण के प्रति अपेक्षाकृत कम जागरूकता भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। मानसून के मौसम में उच्च आर्द्रता और गर्म तापमान मच्छरों की आबादी बढ़ाने में सहायक होते हैं, जिससे डेंगू का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। जन स्वास्थ्य विभाग, भिलाईवासियों से पुनः आग्रह करता है कि वे भी मच्छर नियंत्रण के इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें। व्यक्तिगत स्तर पर अपनाए जा सकने वाले सरल उपाय, जैसे कूलर और पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली कर साफ करना, पुराने टायरों, खाली बर्तनों व गमलों में पानी जमा न होने दें।

### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि खम्हरिया निवासी कमल राय अपने कमरे में फांसी लगा लिया है। मूल निवास कांकेर है। जहां रहता था वहां आधा दर्जन से अधिक लोग किराए पर रहते है। मकान मालिक किराएदारों की का डिटेल पुलिस को नहीं दिया है। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### सीसी रोड निर्माण शुरू

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा में सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने वार्ड 14 व 15 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बन जाने से आवागमन में आसानी होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411


हरिभूमि

रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03

टीवी देखते समय सोफे पर बैठे-बैठे करें ये योगासन जल्द होगा वजन कम

## लाइव इवेंट

### पोस्टर में साक्षी व स्लोगन स्पर्धा हेमा प्रथम के विजेता सम्मानित



**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला, पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में 16, स्लोगन में 24 छात्राओं की भागीदारी रही।

कार्यशाला में छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी तम्बोली, पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान नीतू देशमुख, पीजी डिप्लोमा इन योगा, प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय खुशी प्रजापति, बीए प्रथम सेमेस्टर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम हेमा कुमारी, पीजी डिप्लोमा इन योगा, प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय विधि खरे, एमएससी प्राणीशास्त्र, तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान मेघा, बीए तृतीय वर्ष, निधि खरे, एमएससी. प्राणीशास्त्र तृतीय सेमेस्टर रहीं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. लता मेश्राम एवं डॉ. वैभवशंकर सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### साहू समाज की महिलाओं ने तीज उत्सव में दी नृत्य की प्रस्तुति



**दुर्ग।** जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका देवीश्री साहू के नेतृत्व में तीज मिलन एवं सावन महोत्सव का आयोजन साहू सदन केलाबाड़ी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की आरती से हुई। स्वागत भाषण महिला संयोजिका देवीश्री साहू ने दिया।

- जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ का तीज मिलन समारोह आयोजित

उन्होंने कहा कि भारतीय नारी तीज पर्व पर अपने सुहाग और अपने परिवार की खुशी के लिए यह व्रत रखती हैं। इस पर्व के माध्यम से हम अपनी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। आज के तीज मिलन एवं सावन महोत्सव में अनेक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता रखा गया। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, तीज ज्ञान, प्रहसन, गेड़ी नृत्य, फुगड़ी, बिल्लस, तीज क्वीन, बाल पासिंग एवं क्विज गेम हौजी जैसे आयोजन किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू थीं। अध्यक्षता उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू ने की। कार्यक्रम में डॉ. भारती साहू, दिव्या कलिहारी, सरस्वती साहू, श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, कल्पना साहू, रागिनी साहू, मंजू साहू मौजूद थे। रमशीला साहू ने कहा कि तीज का त्योहार महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है, जो अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करती है। तीज, देवी पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन का प्रतीक है, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा कठोर तपस्या के बाद उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा महिलाओं को समाज के उत्थान में आगे आना आवश्यक है, जिससे स्वालम्बी एवं आत्मनिर्भर बनने में सहायक होगा इससे एक नए समाज का निर्माण होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें बीपी, शुगर एवं अन्य स्वस्थ संबंधित चेकअप डॉक्टरों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रूपेश्वरी, तनुजा साहू, सावित्री साहू, सरिता साहू, देहूतीन साहू, शकुंतला साहू, ममता साहू, मनीषा साहू, टामीन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## विविध सेवा प्राधिकरण का आयोजन

### अब अवकाश के दिनों में भी होगी मध्यस्थता की कार्रवाई, 7 अक्टूबर तक होगी सुनवाई

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के संयुक्त निर्देशन में 7 अक्टूबर तक मीडियेशन फॉर द नेशन के संबंध में न्यायालयीन प्रणाली में लंबित वादों के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निपटारे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा मध्यस्थता की एक नई पहल की शुरुआत की गई है। मध्यस्थता केन्द्र में अब अवकाश के दिनों में भी मध्यस्थता की कार्रवाई आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य पक्षकारों को अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराना, समयबद्ध तरीके से उनके विवादों का समाधान हो सके। मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पक्षकार आपसी संवाद और सहयोग के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करते हैं। अवकाश के दिनों में भी मध्यस्थता होने से लोगों को अपने कार्यस्थलों और दैनंदिन व्यस्तताओं से समय निकालने में सहूलियत होगी।




## भिलाई-दुर्ग में विधि-विधान से बैल की पूजा, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, ठेठरी-खुरमी का चढ़ा प्रसाद

# पोरा पर रिसाली और मढ़ियापार में बैल दौड़, स्लो साइकिल रेस, नारियल फेंक, फुगड़ी और गोला फेंक ने जमाया रंग

**पोला पर्व पर शनिवार को दो बड़े आयोजन हुए। पहला भिलाई के रिसाली दशहरा मैदान में 43वें साल आयोजन हुआ, जहां के 20 से ज्यादा बैल जोड़यों की दौड़ कराई गई। जहां आदर्श सांस्कृतिक एवं क्रीडा मंडल सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रकाश पटेल के बैल इस दौरान आयोजित बैल दौड़ में पहले स्थान पर रहा। इस अवसर पर नारियल फेंक, स्लो साइकिल रेस, फुगड़ी, गोला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी प्रकार मड़िया पार में आयोजित कार्यक्रम में बैल सजावट, कबड्डी, गेड़ी, रस्सीखींच, फुगड़ी, सुआ नृत्य, कुर्सी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।**

**भिलाई।** रिसाली में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पोरा तिहार जिसे पूरे उत्साह के साथ नंदी की पूजा करके मनाया जा रहा है। यह हमारी परंपरा है। इसे हमेशा बनाए रखें। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, मेयर शशि सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे। मड़यिापार में पोरा उत्सव पर इस बार 72 बैलों को जोड़े दौड़े।

आसपास के 26 गांव के ग्रामीणों ने अपने बैल यहां खासतौर पर सजाकर लाया था। आयोजन स्थल पर लगभग 60 साल से बैलदौड़ का आयोजन किया जा रहा है। पहले इस उत्सव को शुरू करने वाले गांव के लोगों ने बताया कि पूरा गांव दीवाली की तरह यह त्योहार मनाया है। पूरे गांव में छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुरूप पकवान तैयार किए जाते हैं। पूजा अर्चना की जाती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। मड़यिापार का पोला उत्सव पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान 36 प्रकार के व्यंजन रहे आकर्षण का केंद्र रहे।

मड़यिापार में एक स्टॉल में संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ी परंपरा को प्रदर्शित किया। दूसरे स्टॉल में लक्ष्मी 36 पारंपरिक व्यंजनों को सजाया। ठेठरी, खुरमी, मुठिया, पपची, फरहा आकर्षण का केंद्र रहा।



### ट्विनसिटी में भी पोला त्योहार मनाया गया



ट्विनसिटी में शनिवार को पोला त्यौहार मनाया जाएगा। बाजारों में मिट्टी और लकड़ी के बने नंदी बैल बिकते रहे। इस त्यौहार पर वर्षों पुरानी परंपरा बैल दौड़ भी आयोजित की गई। ठेठरी और खुरमी का व्यंजन बनाकर पूजा अर्चना की गई। लोगों ने बताया कि मिट्टी और लकड़ी से बने बैलों की पूजा कर उसे चावल के आटे से बना चीला चढ़ाया गया। गांवों में किसान बैलों की पूजा की गई। लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। यहां खेत जोतने वाले बैलों को पोला के दौरान पूजा जाता है। इसे मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों में भी मनाया जाता है।



### रिसाली में राउत नाच और खेलकूद भी रहे आकर्षण



आदर्श सास्कृतिक व क्रीड़ा मंडल के आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। कार्यक्रम में राउत नाचा की प्रस्तुति हुई। बारिश बाधित आयोजन में खेलकूद के तहत मटका फोड़ केवल महिलाओं के लिए, बोरा दौड़ रस्सी दौड़, फुगड़ी, नारियल फेंक, स्लो साइकल रेस जैसे विविध आयोजन भी हुए। इसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, जमुना ठाकुर, एमके साहू, गेंदलाल वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, पप्पू चंद्राकर, पार्षद सनीर साहू, शैलेन्द्र साहू, विधि यादव, विनय नेताम सहित अन्य मौजूद थे।



# पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर चन्द्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज की अध्यक्ष चुनी गईं

**दुर्ग।** चन्द्राकर भवन मीनाक्षी नगर में दुर्ग नगर उपक्षेत्र के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रामधनुष चन्द्राकर और शिव चन्द्राकर के निर्देशन में चुनाव कार्य सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्य को सफल बनाने के लिए पूरे 38 जोन के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने मतदान किया। चुनाव में अध्यक्ष पूर्व मेयर चनद्रिका चन्द्राकर चुनी गईं। उपाध्यक्ष कामता चन्द्राकर, सचिव जीवन चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष पदमाकर चन्द्राकर, संगठन मंत्री सेवक राम चन्द्राकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव कार्यक्रम को गति देते हुए 08 राज प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ, जिसमें प्रवीण चन्द्राकर, विजय चन्द्राकर, शैलेश चन्द्राकर, मंजू चन्द्राकर, मणिकांत चन्द्रवंशी, शिशिर चन्द्राकर, पन्नालाल चन्द्राकर, खेमराज चन्द्राकर सहित उपक्षेत्र से 2 महिला ममता चन्द्राकर व अंजना चन्द्राकर चुने गए। इस दौरान, छन्नूलाल चन्द्राकर, गजाधर चन्द्राकर, कामता चन्द्राकर(बड़े), नंद चन्द्राकर, डॉ. नंद चन्द्राकर, गोदावरी चन्द्राकर, मीना चन्द्राकर, पूनम(मोहन) चन्द्राकर, प्रीति चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, प्रतिभा चन्द्राकर, शारदा चन्द्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

- चंद्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज का चुनाव संपन्न, चुने गए पदाधिकारी



### ओम वरिष्ठ नागरिक संघ का गठन, अनंतराम वर्मा बने अध्यक्ष



**भिलाई।** नेहरू नगर ईस्ट, वार्ड -4 भिलाई में गणेश उद्यान में वरिष्ठ नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, निवर्तमान अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू एवं महासचिव गजानंद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों की गतिविधियों को संचालित करने के लिए बैठक में सर्वसम्मति से ओम्-वरिष्ठ नागरिक संघ का गठन किया गया। प्रबंधकारिणी में वरिष्ठ नागरिक अनंतराम वर्मा अध्यक्ष चुने गए। अन्य पदाधिकारियों में तुलसी वृंदा देवांगन एवं डब्ल्यूजी समर्थ उपाध्यक्ष, जीवन वर्मा सचिव, सुरेश कुमार मनसाना कोषाध्यक्ष, प्रेमलाल साहू संयुक्त सचिव, दुबेलाल सेन प्रचार सचिव तथा आरके साहू, पवन कुमार पांडेय, इंद्रकांति अग्रवाल, उर्मिला साहू, संध्या चंद्राकर, लेखराम वर्मा, आरके त्रिपाठी, केके बघेल, मंथिर लाल साहू, देवव्रत देवांगन, आर कलिहारी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के लिए संघ का गठन किया गया है।

## डॉक्टर बोले-दूषित पानी और बासी खाना बन रहे बड़ी बीमारियों का कारण

# बारिश में बढ़ा फूड पॉइजनिंग और डायरिया का खतरा बाहर खाने से बचें, वायरल होने पर डॉक्टर को दिखाएं

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मानसून की बारिश ने गर्मी से तो राहत दी है, लेकिन बरसात अपने साथ कई बीमारियां भी लेकर आई हैं। इनमें सबसे आम और खतरनाक फूड पॉइज़निंग और डायरिया सामने आया है। विशेषज्ञों की मानें तो हर दिन उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर लोग हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। औसत 500 से 800 तक मामले सामने आ रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश एक जैसे हालात हैं। इसके अलावा वायरल इनफेक्शन भी बढ़ा है। इसमें तेजी बुखार, सिर और हाथ-पैर में दर्द, गले में इनफेक्शन लक्षण के रूप में सामने आए हैं। चिकित्सकों की मानें तो इस मौसम में दूषित पानी, बासी खाना और खुले में बिकने वाले फास्ट फूड बीमारियों को दावत दे रहे हैं। शहर के अस्पतालों में इन दिनों उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वायरल इनफैक्शन भी इसकी बड़ी वजह है।

### बाहर का खाना सबसे बड़ा खतरा

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सक एमडी मेडिसीन डॉ. राजेश सिंघल बताते हैं कि बरसात के दिनों में नमी और गंदगी से बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। बाहर का कटे फल, चाट-पकौड़ी और बासी खाना फूड पॉइज़निंग का सबसे बड़ा कारण हैं। बच्चों और बुजुर्गों को तो इनसे पूरी तरह दूर रखना चाहिए। अस्पताल के डॉ. विशाल अग्रवाल ने बताया कि फूड पॉइज़निंग की शुरुआत अक्सर उल्टी, पेट दर्द और दस्त से होती है। अगर मरीज को पानी जैसे दस्त बार-बार हों तो शरीर में पानी और नमक की कमी तेजी से बढ़ती है। यह स्थिति गंभीर भी हो सकती है, इसलिए ऐसे लक्षण दिखते ही तुरंत इलाज कराना चाहिए।



### उल्टी-दस्त जैसी आपात स्थिति में ओआरएस का करें उपयोग

डॉ. पीके अग्रवाल बताते हैं कि अगर मरीज को लगातार पानी जैसे दस्त हों। बार-बार उल्टी के कारण पानी न ठहर रहा हो। तेज़ बुखार और पेट में लगातार दर्द हो। शरीर में बेहद कमजोरी और चक्कर आ रहे हों। इन लक्षणों के दिखते ही तुरंत नज़दीकी डॉक्टर या अस्पताल में संपर्क करें। घर पर देरी करना खतरनाक हो सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि बरसात में डायरिया और फूड पॉइज़निंग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है, लेकिन बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं। सही खानपान और थोड़ी-सी सावधानी बरती जाए तो इन बीमारियों से आसानी से बचाव संभव है।

### इन उपायों से बचा जा सकता है संक्रामक बीमारियों से

स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त डॉ. अनिल अग्रवाल ने बताया कि इस मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचाव आवश्यक है। घर का ताज़ा खाना ही खाएं, बासी भोजन को अवाइड करें।

पानी उबालकर पिएं या फिल्टर का इस्तेमाल करें। हाथ धोने की आदत बनाए रखें, खासकर खाने से पहले। हरी सब्ज़ियाँ और फल अच्छी तरह धोकर ही खाएं। दस्त होने पर तुरंत ओआरएस या नींबू-पानी पिएं। सड़क किनारे मिलने वाले गोलगप्पे, चाट और खुले पेय पदार्थ के सेवन से बचें। फ्रिज में रखे बासी या बार-बार गरम किए गए व्यंजन से दूर रहें।

बरसात में बच्चों को बाहर का फास्ट फूड न खिलाएं।

सिटी इवेंट

## उरला में बंटे पौधे, नियमित पानी देने और सहेजने का लिया संकल्प




**भिलाई।** समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के आव्हान पर वन विभाग के सहयोग से उरला में नागरिकों को पर्यावरण में जागरूकता व वृक्षारोपण कों बढ़ावा देने के उद्देश्य से



निःशुल्क पौधा वितरण किया। इसमें संदीप चंद्राकर, बलदाऊ सोनी, लता सार्वा,सीमा देवांगन, दुर्गा साहू, सरिता सोनी, फूलबाई साहू व अन्य मौजूद थे। इस पौधा वितरण कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपनी सहभागिता निभाई। संगठन अध्यक्ष जयवर्धन ने कहा कि बाल्यावस्था मित्र के जन्मदिन के सुअवसर पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए ऐसा नेक कार्य किया गया व आगामी समय में विभिन्न विषयों से समाजसेवी कार्य किए जाने वाले हैं। संगठन का मुख्य उद्देश्य बढ़ते अपराधों व खुदकुशियों में कमी लातें हुए मानवीय सद्गुणों व प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

● प्रशिक्षण के बाद पीएम आवास योजना के लिए मिलेगा कुशल श्रमिकों के रूप में रोजगार

# ढौर और ठेंगाभाट में अनोखी पहल, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दी जा रही राजमिस्त्री की ट्रेनिंग

**दुर्ग।** जिले के ढौर, ठेंगाभाटा में ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। विशेष रूप से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से 35 युवतियों और कुछ युवाओं को महीने भर का राज मिस्त्री प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में भवन निर्माण की तकनीक, नींव की मजबूती, प्लास्टर, लेवलिंग और सीमेंट मिक्सिंग की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता देना है, ताकि वे अपने गांव में हो रोजगार के अवसर बना सकें। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन युवाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में जोड़ा जाएगा। इससे उन्हें वास्तविक अनुभव मिलेगा। जिले में कौशल विकास की यह पहले युवाओं को सम्मान, स्वावलंबन और प्रगति की ओर ले जा रही है। यह बदलाव जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।



### महिलाओं और युवितायों को बनाया जा रहा तकनीकी रूप से सक्षम, प्रशिक्षण को जिलेभर में लागू किया जाएगा



ढौर में ट्रेनर अनीता चारभे युवाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं। दरवाजे और खिड़की के फ्रेम का निर्धारण, भवन निर्माण, फर्श और टाइलिंग में प्रयुक्त पाइप चिनाई में प्रयुक्त मिश्रण और रसायन-जलरोधक और नमीरोधक सामग्री, ईंट चिनाई में जुड़े और अलग खंभों का निर्माण, सीमेंट रेत मोर्टार से सीधी दीवार पर प्लास्टर, प्लास्टरिंग और जोड़, सतहों और छतों पर प्लास्टर, फर्श के प्रकार, जंक्शन मैनहोल का निर्माण,विट्रिफाइड/ग्रेनाइट फ़्लोरिंग का निर्माण, दीवारों की प्लास्टरिंग और पॉइंटिंग, छत की प्लास्टरिंग सभी जानकारी दिया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक युवा तकनीकी रूप से दक्ष हों, यही हमारा प्रयास है। आने वाले दिनों में दुर्ग विकासखंड के अन्य गांवों में भी ऐसा ही प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। बाद में इसे जिलेभर में लागू किया जाएगा।

### विशेष रूप व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को जोड़ा जा रहा

जिला पंचायत की सीईओ बजरंग ने कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बेटे-बेटियां तकनीकी दक्षता हासिल कर रहे हैं। कुछ युवा जो पहले दिशाहीन थे, अब आत्मविश्वास से भर गए हैं। वे निर्माण क्षेत्र में अपना भविष्य देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ प्रशिक्षणार्थियों के परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन इस प्रशिक्षण से वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अपने परिवार को भी सहारा दे रहे हैं। यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार की ओर ले जा रही है, बल्कि जिले में हो रहे निर्माण कार्यों में स्थानीय जनशक्ति की भागीदारी भी बढ़ा रही है। इससे योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो रही है। यह प्रशिक्षण आर्थिक रूप से लाभकारी है। सामाजिक दृष्टिकोण से भी अहम है। इससे पलायन रुकेगा और गांवों में हो रोजगार का माहौल बनेगा।

धर्म लाइव

## आर्य समाज के प्रवचन में गूंजा भक्ति और वैदिक संदेश



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा, छत्तीसगढ़ क्रांति आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य वीर दल दुर्ग एवं आर्य समाज सेक्टर-6 भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में भव्य वैदिक यज्ञ एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर यज्ञ में आहुति दी गई। कार्यक्रम का वैदिक संचालन मुख्य धर्माचार्य अंकित शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। भजन गायक सुकांत आर्य (कासगंज, उत्तर प्रदेश) ने भक्ति-गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अथर्ववेद मंत्र अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः की व्याख्या करते हुए कहा कि व्रत का अर्थ केवल उपवास करना नहीं है। व्रती वही है जो सत्य, संयम और सत्कर्म का संकल्प लेता है। भूखे रहने से ईश्वर प्रसन्न नहीं होते, बल्कि आपके सत्कर्मों और सत्यनिष्ठ आचरण से समाज और परमात्मा दोनों प्रसन्न होते हैं। उन्होंने महाभारत के कर्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि कर्ण को दानवीर कहा गया क्योंकि उन्होंने दान का व्रत लिया था। इसी कारण परमात्मा को व्रतपति कहा गया है। गीता भी कहती है कि मनुष्य अपने सत्कर्मों से ही ईश्वर की आराधना करता है।

■ सुकांत आर्य की भक्ति-गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को किया भावविभोर

वटसावित्री की व्रत पूजा

## वैशाली नगर में महाराष्ट्रीयन महिलाओं ने धूमधाम से वट पूर्णिमा उत्सव मनाया



**भिलाई।** महाराष्ट्र की परंपरा अनुसार वटसावित्री की व्रत पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा को मनाया जाता है। समाज सेविका महाराष्ट्र मण्डल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने बताया कि हर वर्ष सौभाग्यवती महिलाएं यह व्रत पति व बच्चों के लंबी उम्र वा सूख समृद्धि के लिए करती हैं। वट वृक्ष की पूजा करते हैं। एक दूसरे को हल्दी कुंकुम लगा कर ऋतु फल आम एवं गेहूं की ओली भरते हैं। सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान की लंबी उम्र का वरदान मांगा, जिस तरह वट वृक्ष की उम्र लंबी होती है। अपने अंधे सास ससुर की आंखों की रोशनी व खोया हुआ राज्य वापस मांगा था। तब से यह व्रत वट वृक्ष की पूजा की जा रही है। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने व्रत रखा। इस अवसर पर श्वेता कावले, प्राची लिमेश, सुषमा ठोसर, साक्षी वांडरे, तारा कावले, वीणा देशपांडे, भारती नंदनवार, कीर्ति सिंग, संध्या कापसे, ऊषा तलमेल, किरण सिरेकर, महाजन मंदा वासनकर आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

**व्रती महिलाओं ने पति व बच्चों के लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा व्रत**

तीज मिलन समारोह

## लीना नायक बनीं तीज क्वीन, रैंप वॉक ने आयोजन में जमाया रंग



**भिलाई।** सेक्टर 10 में महिला समाज का तीज मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्मिता गिरी, पूनम कुमार, रेणुका रविंद्र नाथ, सोनाली रथ, शिखा जैन और रीता सिंह उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लीना नायक को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। दूसरे स्थान पर एकता यादव व तीसरे स्थान पर मीनाक्षी वर्मा रहीं। इस मौके पर नृत्य और रैंप वॉक में भी महिलाओं ने खूबसूरत वह दिलकश अंदाज में नजारा पेश किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेक्टर 10 बी समिति के अध्यक्ष शकुंतला जांगड़ा, उपाध्यक्ष गायत्री सोनवानी, कोषाध्यक्ष किरण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**सेक्टर 10 में महिला समाज ने किए विविध कार्यक्रम**

एजुकेशन इवेंट

## शैक्षिक नवाचार के अंतर्गत हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन



**भिलाई।** शैक्षिक नवाचार के अंतर्गत तैयार की गई गवाक्षम् हस्तलिखित पत्रिका का केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य एसआर कुजूर ने छात्र-छात्राओं के बीच विधिवत विमोचन किया। यह पत्रिका पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के संस्कृत शिक्षक डॉ. अजय आर्य के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई है। इसे शैक्षिक नवाचार की एक विशिष्ट उपलब्धि माना जा रहा है।

कुजूर ने कहा कि गवाक्षम जैसी हस्तलिखित पत्रिका छात्रों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को नई दिशा देती है। यह पहल विद्यार्थियों में न केवल लेखन और अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करती है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और भाषाई परंपरा से भी गहरे जोड़ती है। इस नवाचार की विशेषता यह है कि पूरी पत्रिका विद्यार्थियों ने अपने हस्तलेख में तैयार की है। इसमें कविता, कहानी, लेख, श्लोक, चित्रकला और वैचारिक लेखन के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े विषयों को स्थान दिया गया है। इस प्रयास से छात्रों में सृजनात्मक सोच, अभिव्यक्ति कौशल और भाषा के प्रति आत्मीय लगाव विकसित हुआ है। डॉ. अजय आर्य ने बताया पत्रिका के शीर्षक 'गवाक्षम्' का अर्थ खिड़की या झरोखा, जिसके माध्यम से प्रकाश भीतर आता है। इसी भाव से यह पत्रिका विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क के रचनात्मक प्रकाश को अभिव्यक्त करने का एक झरोखा बनी है।

रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर में 10 दिवसीय मेला में देशभर से जुटेंगे श्रद्धालु

कार्नर न्यूज

# रामदेव बाबा के 10 दिवसीय भादवा मेला में जम्मा जागरण आज से, हवन-पूजन और महाआरती के बीच होगी भजन की प्रस्तुति

**दुर्ग।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में 24 अगस्त से 2 सितंबर तक श्री रामदेव बाबा के भादवा मेला का आयोजन किया गया है। 10 दिनों तक चलने वाले भादवा मेला में देश व प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दरबार में श्रद्धालुओं को परचों का पुण्य लाभ भी मिलेगा। भादवा मेला के अंतिम दिन 2 सितंबर को सुबह 10 बजे महाआरती व हवन पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। यह भादवा मेला श्री रामदेव बाबा के परमभक्त सोहनलाल बापजी (चालीसगांव, महाराष्ट्र) के पुण्य प्रताप से भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित होगा। भादवा मेला में प्रतिदिन आयोजित जम्मा जागरण व भजन रात्रि 10 बजे से शुरु होगा। इस अवसर पर दरबार में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालू बड़ी संख्या में जुटते है। जिसके चलते दरबार में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य वाटरपुरफ पंडाल तैयार किए गए है। यह जानकारी श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर आयोजन समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन और पायल जैन द्वारा संयुक्त रुप से दी।





### जम्मा जागरण से होगी आयोजन की शुरुआत, जुटेंगे पूरे जिले के भक्त

आयोजन समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन ने बताया कि श्री रामदेव बाबा दरबार में भादवा मेला पर प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं का मेला लगता है। इस वर्ष भादवा मेला पर 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन किए गए है। जिसकी शुरुआत 24 अगस्त को भव्य जम्मा जागरण एवं जन्मोत्सव की प्रस्तुति के साथ होगी। दुर्ग के प्रसिद्ध भजन गायक गौरव बजाज अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। 25 अगस्त को गायक विधि व निधि ललवानी धमतरी, 26 अगस्त को आंचल अरोरा जयपुर राजस्थान, 27 अगस्त को रोहित सोनी रायपुर, 28 अगस्त को भीखमचंद जैन खरियार रोड उड़िसा, 29 अगस्त को दानिश बावरा श्री गंगानगर राजस्थान, 30 अगस्त को दिनेश शर्मा अमरावती महाराष्ट्र, 31 अगस्त को महेन्द्र राठी अमरावती महाराष्ट्र व 1 सितंबर को गौरव बजाज दुर्ग द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### पर्चे से होगा भक्तों की समस्या का निराकरण

भादवा मेला में भक्त माता द्वारा पर्चा निकाला जाएगा, इस दौरान लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। आयोजन के दौरान सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर सहित अन्य को आमंत्रित किया गया। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर श्री रामदेव बाबा दरबार के गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल,गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा,पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी, निर्मल रुपारेल, संजू पुरोहित, मोंटी सोनी एवं अन्य सदस्य जुटे हुए है।


## हेल्थ टिप्स

### राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की भागीदारी




**रायपुर।** 81 वीं राष्ट्रीय स्क्वैश चैम्पियनशिप 23-28 अगस्त तक मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नई दिल्ली में हो रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों की भी सहभागिता है। इनमें पुरुष दल के खिलाड़ियों के विदिक कर्कशे, यश सोनवानी, बप्पाश्री साहू, कनिष्क मिश्रा, आयुश सिंह, एवं अरसलान शेख तथा महिला दल में भावांनजली मुदलियार एवं प्रशिक्षक के रूप में राहूल साहू रवाना हुए हैं। इसके पहले छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं जिला संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे राज्य दल को टी-शर्ट प्रदान की। इन खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ स्क्वैश संघ के अध्यक्ष डॉ. ए. फरिश्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रय में पं. रविशंकर शुक्ल के पूर्व संचालक शारीरिक शिक्षा डॉ. रविन्द्रनाथ मिश्रा, संदीप गोविलकर तथा छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के समस्त महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शतरंज के गुर सीखे ऑनलाइन प्रशिक्षण में



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ महासमुंद व नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन साप्ताहिक शतरंज प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि श्याम कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज हमें जीवन में संघर्ष और चुनौतियाँ का सामना करना सिखाता है। इसे हर उम्र के व्यक्तियों को खेलता चाहिए।

अध्यक्षता कर रहे सुधीर प्रधान ने कहा कि शतरंज का खेल हमें परिपक्व बनाता है। शतरंज का खिलाड़ी जीवन में आने वाली हर विषम परिस्थियों का सामना बेहतर ढंग से कर सकता हैं। श्री प्रधान ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव व राष्ट्रीय कोच हेमंत खुटे का शतरंज खेल के प्रति सक्रियता अत्यंत सराहनीय है। विगत 25 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग को इनका सहयोग कोच, निर्णायक व मैनेजर के रूप में निरंतर मिलता रहा है। हम पिथौरा में लगातार दूसरी बार शालेय स्तरीय संभाग शतरंज स्पर्धा का आयोजन करने जा रहे है। इससे पहले शालेय स्तरीय राज्य शतरंज स्पर्धा का आयोजन भी हम कुशलतापूर्वक कर चुके है जिसका संपूर्ण श्रेय हेमन्त खुटे को जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक हेमन्त खुटे ने कहा कि नाइट चेस क्लब शतरंज खिलाड़ियों के लिए कि पूर्णरुपेण निशुल्क है। क्लब का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण अंचल में शतरंज खेल को बढ़ावा देना है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन आगे भी होता रहेगा। अभी हाल ही में हमने जोन लेवल पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए भी 10 दिनों का ऑनलाइन निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन किया था। प्रशिक्षण के दरमियान फीडे आबिटर रॉकी देवांगन ने शतरंज की बुनियादी जानकारी दी जिसमें शतरंज बोर्ड जमाना, मोहरों की पहचान, मोहरे के निर्धारित मूल्य, मोहरों की पीटने की शक्ति, किलेबंदी एवं शतरंज की पहेलियों का अभ्यास शामिल है। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कर ने किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स टीचर राजेश्वरी धुवंशी और तृषा शर्मा सहित 30 खिलाडियों ने सहभागिता की।

### छत्तीसगढ़ स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैम्पियनशिप 29 से राजधानी में



**रायपुर।** इंडियन स्क्वैश रैकेट फेडरेशन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्क्वैश एवं डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ स्टेट क्लोस्ड स्क्वैश चैम्पियनशिप का आयोजन 29 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से राजधानी रायपुर में किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता 31 अगस्त तक चलेगी। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन द्वारा संचालित स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैम्पियनशिप देश के समस्त सम्बद्ध राज्य इंडियन ईकाईयों द्वारा प्रतिवर्ष एक बार आयोजित की जाती है, तथा उपरोक्त प्रतियोगिता के आधार पर सम्मिलित होने वाले समस्त खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग प्राप्त होती है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैम्पियनशिप में राज्य के अलग-अलग जिलों से लगभग 80 खिलाड़ी अपनी सहभागिता देंगे।

### बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचाव जरूरी

# आपकी इम्युनिटी के दुश्मन हैं आसपास नहीं किया सुधार तो पड़ते रहेंगे बीमार

**संक्रामक बीमारियों**

संक्रामक बीमारियों के खतरे से बचाव के लिए जरूरी है कि आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्युनिटी सिस्टम मजबूत हो। कोरोना महामारी के दौर में मजबूत इम्युनिटी की आवश्यकताओं के बारे में हम सभी ने अच्छी तरह से समझ लिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना एक सतत प्रक्रिया है, यानी कि इसके लिए आपको निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इम्यनिटी को मजबूत बनाने के लिए आहार और दिनचर्या को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के साथ उन चीजों से बचाव के लिए भी प्रयास करते रहना जरूरी माना जाता है जो इसे नुकसान पहुंचा सकती हैं। आइए ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानते हैं जिन्हें शरीर की इम्युनिटी के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है, इससे दूरी बनाना बहुत आवश्यक है।





#### ऐडेड शुगर के कई नुकसान

ऐडेड शुगर को अध्ययनों में शरीर के लिए कई प्रकार से हानिकारक दुष्प्रभावों वाला पाया गया है, ये न सिर्फ डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाली होती है साथ ही समग्र स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा कार्यों पर भी इसका नकारात्मक असर हो सकता है। वे खाद्य पदार्थ जो रक्त शर्करा बढ़ाते हैं, उससे प्रतिरक्षा प्रणाली पर नकारात्मक असर होने का खतरा रहता है। यही कारण है कि डायबिटीज रोगियों को लो-इम्युनिटी की समस्या अधिक रहती है।

#### ज्यादा सोडियम भी हानिकारक

चीनी के साथ आहार में नमक की मात्रा को भी कम रखना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। चिप्स, फ्रोजन डिनर और फास्ट फूड्स जैसे नमकीन खाद्य पदार्थ आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। असल में नमक की अधिकता वाले आहार से ऊतकों में सूजन होने का खतरा रहता है जो ऑटोइम्यून बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती है। नमक की अधिक मात्रा हृदय स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

#### फास्ट फूड के नुकसान

फास्ट फूड को कई नकारात्मक स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़ा गया है। इसका अधिक सेवन आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी असर डाल सकता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से आंत में मौजूद गुड़ बैक्टीरिया में असंतुलन हो सकता है, ये आपके प्रतिरक्षा स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। फास्ट फूड में बीआईएस (2-एथिलहेक्सिल) फ़ेथलेट (डीईएचपी) और डायसोनोनील फ़ेथलेट (डीआईएनपी) जैसे रसायन भी हो सकते हैं, जिन्हें शरीर के लिए नुकसानदायक माना जाता है।

#### शराब, शरीर का दुश्मन

शराब का सेवन आमतौर पर लिवर डैमेज की समस्या से जुड़ा होता है, वहीं इसकी अधिकता प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि शराब पीने वाले लोग अधिक बीमार होते हैं और उनके लिए किसी बीमारी से उबरना भी कठिन हो जाता है।

## इन्हें खाली रखने से आ सकती है कंगाली, भाग्य का नहीं मिलता साथ

यदि आप वास्तु में विश्वास करते हैं और नया घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो अपने नए घर के लिए बुनियादी वास्तु युक्तियों का पालन करना महत्वपूर्ण है। वास्तु आपके घर के प्रत्येक कोने में सकारात्मकता और खुशी सुनिश्चित करने के लिए सही रंग, प्रारूप, आकार और दिशाएं सुझाता है। वास्तु शास्त्र की मानें तो घर में मौजूद कई ऐसी चीजें है जिसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे जीवन पर देखा जा सकता है जैसे कि घर में खाली पड़ी कोई चीज।अक्सर घर में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिनका खाली रहना दुष्प्रभाव देने लगता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में रखी खाली चीजों का असर आपकी प्रगति पर पड़ता है।



#### तिजोरी न रखें खाली

घर की तिजोरी हो या पर्स कभी भी खाली नहीं रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार खाली तिजोरी या पर्स हमेशा कंगाली की ओर ले जाते हैं। इसीलिए तिजोरी में हमेशा आप कौड़ी, गोमती चक्र, शंख भी रख सकते हैं। यह आपकी समृद्धि का प्रतीक है।

#### बाथरूम की खाली बाल्टी

वास्तुशास्त्र के अनुसार बाथरूम में कभी भी खाली बाल्टी नहीं रखनी चाहिए। बाथरूम में रखी खाली बाल्टी नकारात्मक ऊर्जा को लाती है, जिससे हजार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप बाल्टी का प्रयोग नहीं कर रहे हैं तो उसमें हमेशा पानी भरकर रखें। बाथरूप में नीले रंग की बाल्टी का प्रयोग करें, जब बाल्टी का प्रयोग हो जाए तो उसे जल से भरकर रख दें, उसे खाली न छोड़ें।

#### पूजा घर में जलपात्र न रखें खाली

पूजा घर में पूजन सामग्री,जैसे घंटी, धूप , जलपात्र आदि रखा जाता है। वास्तु के अनुसार पूजा के बाद जलपात्र को कभी भी खाली नहीं छोड़ना चाहिए । जलपात्र यानि जल कलश में गंगाजल रख कर उसमें तुलसी पत्ता रखना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान को भी प्यास लगती है और जलपात्र भरा रहने से भगवान जल ग्रहण करते हैं। मन्दिर में जलपात्र खाली रहने से घर और जीवन में नकारात्मक प्रभाव डालता है जिससे आर्थिक संकट भी आता है।

## मेहमानों के लिए बनाएं ऐसी मिठाई, झटपट हो जाएंगी तैयार



वैसे तो लोग बाजार से मिठाई खरीद लेते हैं, लेकिन मेहमानों के लिए बहुत से लोग घर पर ही मिठाई बनाना पसंद करते हैं। आपको ऐसी मिठाईयों के बारे में जानना चाहिए, जिसे आप आसानी से घर में ही बना सकती हैं।

#### मोतीचूर के लड्डू

ये एक ऐसी मिठाई है, जिसे आप कुछ दिन पहले भी तैयार करके रख सकती हैं। देसी घी में बने हुए मोतीचूर के लड्डु हर किसी को खाना पसंद होता है। ऐसे में आप अपने घर पर आसानी से मोतीचूर के लड्डू तैयार कर सकती हैं।

#### छैना

वैसे तो छैना हर मिठाई की दुकानों पर आसानी से मिल जाता है लेकिन अगर आप इसे घर पर बनाएंगी तो इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा। इसे बनाते वक्त आप अपने और अपने भाई की पसंद का फ्लेवर भी एड कर सकती हैं।

#### गुलाब जामुन

इस मौसम में गर्मागर्म गुलाब जामुन खाना किसे नहीं पसंद होता। ऐसे में आप रक्षाबंधन के दिन के लिए घर पर ही गुलाब जामुन तैयार कर सकती हैं।

#### नारियल की बर्फी

जिन लोगों को ज्यादा मीठा खाना नहीं पसंद होता, उनके लिए नारियल की बर्फी काफी सही विकल्प है। इसमें चीनी की मात्रा कम डाल सकती हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है।

#### घेवर

त्योहार पर घेवर खाने का काफी महत्व होता है। अगर आप घर पर घेवर बनाएंगी तो इसे खाकर आपका भाई भी खुश हो जाएगा।



## टीवी देखते समय सोफे पर बैठे-बैठे करें ये योगासन, जल्द होगा वजन कम

अच्छी सेहत के लिए शारीरिक क्रियाएं फायदेमंद होती है। नियमित तौर पर व्यायाम या योगासन करने से शारीरिक और मानसिक स्थिति पर अच्छा असर पड़ता है। विशेषज्ञ नियमित योगासनों के अभ्यास की सलाह देते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए कई योगासन हैं, जो अलग अलग शारीरिक और मानसिक समस्याओं में असरदार हैं। कई बीमारियों को कम करने और रोग मुक्त करने के लिए योगासन किया जा सकता है। हालांकि भागदौड़ वाली जीवनशैली में लोगों के पास व्यायाम और योगासन के अभ्यास के लिए वक्त कम हो सकता है। लेकिन कुछ ऐसे योगासन हैं, जो किसी भी वक्त किसी भी जगह पर किए जा सकते हैं। जैसे अगर आप दफ्तर में कुर्सी पर बैठ कर काम कर रहे हैं या कुछ वक्त सुकून का निकालकर घर पर सोफे पर बैठकर टीवी देख रहे हैं, तो भी बैठे बैठे कुछ योगासनों का अभ्यास किया जा सकता है। इससे वजन कम होने के साथ ही सर्वाइकल की समस्या और कई अन्य बीमारियों से राहत मिलती है। यह रहे बैठकर किए जाने वाले योगासन।

#### वीरभद्रासन चेयर पोज



कुर्सी पर बैठकर वीरभद्रासन चेयर पोज आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए आप दाईं जांघ को कुर्सी पर टिकाते हुए बाएं पैर को खींचकर पीछे की ओर ले जाएं। अब बाएं पैर के तलवे को कुर्सी के बराबर रखकर फर्श पर टिकाते हुए सीने का झुकाव आगे की तरफ रखें। सांस खींचते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर उठाकर मिलाएं। कुछ सेकेंड इसी मुद्रा में रहें, बाद में सामान्य मुद्रा में आ जाएं।

#### मार्जरी-बितिलासन चेयर पोज

इस आसन को करने के लिए कुर्सी पर बैठकर रीढ़ की हड्डी को सीधा रखें और हथेली को घुटने व जांघ पर रखें। अब लंबी सांस लेते हुए सीने का बाहर की ओर फुलाएं। रीढ़ की हड्डी मोड़ते हुए कंधों को पीछे की ओर ले जाएं और धीरे धीरे सांस छोड़ें। साथ ही रीढ़ को पीठ की ओर ले जाकर गोल करें। ठोड़ी गले में लगाएं और कंधे व सिर को आगे की ओर झुकाएं। आसन को करते समय लंबी सांस लें और छोड़ें।

#### गरुड़ासन चेयर पोज

कुर्सी या सोफे पर बैठकर आप गरुड़ासन चेयर पोज का अभ्यास कर सकते हैं। सबसे पहले दाईं जांघ के ऊपर क्रॉस करके रखें और बाएं हाथ को कोहनी से दाएं पर लपेटकर छूने की कोशिश करें। अब दोनों कोहनियों को उठाएं और कंधों को कानों से दूर करने की कोशिश करें। इस स्थिति में तीन से पांच बार सांस लेने तक बरकरार रखें।



**कार्नर न्यूज**

### फेंग शुई मनी बाउल को रखने की दिशा और बनाने का तरीका जरूर जानें

# धन को आकर्षित करना चाहते हैं तो फेंग शुई मनी बाउल करें इस्तेमाल, दिखने लगेगा असर

हर कोई धन को आकर्षित करना चाहता है। आप इसके लिए कड़ी मेहनत करते हैं, और इसे प्राप्त करना आसान हो सकता है यदि आप ब्रह्मांड को अपने पक्ष में कर सकते हैं। तो, आप अपने घर में सही प्रकार की ऊर्जा कैसे प्राप्त करते हैं? कैसे एक फेंग शुई मनी बाउल के बारे में। धन के कटोरे या सिर्फ धन के कटोरे के रूप में भी जाना जाता है, इन फेंगशुई उपकरणों को धन और प्रचुरता लाने के लिए माना जाता है। फेंग शुई में महत्वपूर्ण पांच तत्व पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और लकड़ी हैं। जिस तरह से इन तत्वों को रखा जाता है और जिस दिशा में उनका सामना होता है, जैसे कारक उनके प्रभाव को प्रभावित करते हैं। अगर आप फेंग शुई मनी बाउल से धन प्रकट करना चाहते हैं, तो यहां कुछ चीजें हैं जिन्हें आपको जानना चाहिए।

#### फेंगशुई मनी बाउल में क्या रखें

फेंग शुई मनी बाउल में धन को आकर्षित करने वाली वस्तुएं होनी चाहिए। इसे डिस्प्ले पर रखने का इरादा है ताकि आप इसे अक्सर देख सकें। इसलिए, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कटोरा और उसमें मौजूद चीजें सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन हों। फेंगशुई मनी बाउल में क्रिस्टल, कांच के मोती, सिक्के आदि होना चाहिए।



#### फेंग शुई मनी बाउल के प्रकार

फेंग शुई मनी बाउल विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। इनमें लकड़ी,धातु, चीनी मिट्टी, ग्लास और क्रिस्टल भी शामिल हैं। फेंग शुई मनी बाउल प्लास्टिक का नहीं होना चाहिए। फेंग शुई मनी बाउल के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लास और क्रिस्टल आमतौर पर पूरी तरह से पारदर्शी नहीं होते हैं।

#### फेंग शुई मनी बाउल कहां रखें

जब फेंगशुई की बात आती है, तो धन की कटोरी की दिशा उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी कि एक सुंदर कटोरी बनाना। फेंगशुई के अनुसार घर के कुछ कमरे या दिशाएं समृद्धि से जुड़ी होती हैं। खासतौर पर घर का प्रवेश द्वार और लिविंग रूम धन को अपनी ओर आकर्षित करता है। फेंग शुई मनी बाउल के लिए यह आदर्श स्थान है। यदि आपका घर कार्यालय है, तो आप अपने फेंगशुई मनी बाउल को यहां भी रख सकते हैं। जैसे घर के कुछ हिस्से धन को आकर्षित करने के लिए बेहतर माने जाते हैं, वैसे ही कुछ कमरे ऐसे भी होते हैं जो मनी बाउल नहीं रखना चाहिए। बाथरूम, सिंक या नाली के पास फेंग शुई मनी बाउल नहीं रखना चाहिए।

#### फेंग शुई मनी बाउल कैसे बनाएं

फेंगशुई मनी बाउल वैसे तो बाजार में उपलब्ध हैं, लेकिन आप इन्हें घर पर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप लकड़ी, धातु, चीनी मिट्टी, कांच या क्रिस्टल से बने बाउल की तलाश करें जो पूरी तरह से पारदर्शी न हो। यह बाउल बहुत गहरा या उथला नहीं होना चाहिए। यह चौकोर या गोल हो सकता है। इसके बाद, ग्लास बीड्स, क्रिस्टल या गोल्ड-पेंटेड स्टोन्स की एक बेस लेयर लगाएं। ये तत्व पृथ्वी का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगली परत में फेंगशुई के सिक्के और अन्य सोने की पेंट वाली वस्तुएं शामिल हो सकती हैं। यदि आप अपने शयनकक्ष में मनी बाउल रखने की योजना बना रहे हैं, तो आप इसमें कोई आभूषण भी रख सकते हैं। अपनी कोई इच्छा आप तेजपत्ते पर लिखकर इस बाउल में डाल सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नए 'हैरी' बने डॉमिनिक नजर आए 'हैग्रिड' के साथ साथ, लंदन की सड़कें हुईं जाम



लंदन की सड़कों पर इस समय हॉलीवुड की सबसे बड़ी फैंटेसी सीरीज की शूटिंग चल रही है। इसी के चलते घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। जी हां, एचबीओ की बहुचर्चित हैरी पॉटर टीवी सीरीज की शूटिंग जोरों-शोरों से चल रही है, जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी उत्साहित हैं। हाल ही में बोरो हाई स्ट्रीट और लंदन ब्रिज के आसपास जब शूटिंग चल रही थी तो आस-पास लोगों की भीड़ लग गई। सीरीज की स्टारकास्ट को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसकी वजह से सड़कों पर भारी जाम की स्थिति हो गई। लोग मोबाइल से शूटिंग को रिकॉर्ड करने लगे। इतना ही नहीं, एक सीन में कलाकारों को फेमस लीकी कॉडलन पब के बाहर भी फिल्माते देखा गया। अभिनेता निक फ्रॉस्ट, जो अब हैग्रिड के किरदार में नजर आने वाले हैं, वो जब मैकलॉघलिन यानी नए हैरी पॉटर के साथ दिखाई दिए तो फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में निक 11 साल के डॉमिनिक से साथ दिखाई दिए। इस साल मई में मुख्य किरदारों का ऐलान हुआ था। डॉमिनिक को हैरी का किरदार मिला है, वहीं अरबेला स्टैंटन को हर्माइनी और एलेस्टेयर स्टाउट को रॉन के रूप में चुना गया है। तीनों की झलक सोशल मीडिया पर छाने लगी है।'हॉट फज' और 'शॉन ऑफ द डेड' जैसे प्रोजेक्ट्स से मशहूर निक फ्रॉस्ट ने खाकी जैकेट, गहरे रंग की पैंट और भूरे जूते पहनकर हैग्रिड का अंदाज अपनाया। उनका भारी शरीर, लंबे बाल और दाढ़ी बिल्कुल रॉबी कोलट्रेन की झलक याद दिला रहा था, जिन्होंने फिल्मों में हैग्रिड को जीवंत किया था।

### टॉलीवुड

## 'विश्वंभरा' की पहली झलक के बाद परिवार संग निकले चिरंजीव



फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक सामने आने के बाद साउथ स्टार चिरंजीवी चर्चा में बने हुए हैं। चिरंजीवी को पूरे परिवार के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया। हाल ही में साउथ मेगा स्टार चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक सामने आई। एक्शन के रंग में रंगे हुए वह नजर आए। चिरंजीवी के एक्शन अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर फिल्म चर्चा में है। इसी बीच चिंरजीवी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ एयरपोर्ट में दिखे। वह किसी खास जगह पर अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाने की प्लानिंग कर चुके हैं।
सुपरस्टार चिरंजीवी को परिवार संग हैदराबाद एयरपोर्ट पर देखा गया। वह पत्नी सुरेखा के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। बाकी परिवार के सदस्य भी साथ नजर आए। वायरल वीडियो में एयरपोर्ट चेकिंग स्टाफ के साथ भी वह मुस्कुराते हुए मिलते हैं। चिरंजीवी के एयरपोर्ट वाले कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। चिरंजीवी अपना जन्मदिन परिवार के साथ हैदराबाद से दूर किसी स्पेशल जगह पर मनाने वाले हैं। उस जगह की जानकारी उपलब्ध नहीं है। चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। इसकी पहली झलक में कहानी का अंदाजा हो जाता है। फिल्म की पहली झलक में एक लड़का और एक बूढ़ा आदमी बातचीत कर रहे हैं। दोनों विश्वंभरा की दुनिया में घटी भयानक घटनाओं पर बात करते हैं। बूढ़ा आदमी एक ऐसे इंसान की बात करता है, जिसके लालच के कारण महाविनाश होता है। उसी मौके पर एक रक्षक सामने आता है। उस रक्षक के तौर पर मेगास्टार चिरंजीवी की एंट्री होती है। एक्शन अंदाज में चिरंजीवी का किरदार बुरे लोगों से लड़ता हुआ नजर आता है।

### भोजपुरी

## प्रेमानंद महाराज के मामले में खेसारी का बड़ा बयान; यूजर्स ने किया ट्रोल



भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव ने प्रेमानंद महाराज को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसकी वजह से वह लोगों के निशाने पर आ गए हैं। खेसारी का कहना है कि कुछ लोग अपनी इमेज सुधारने के लिए उनके पास जाते हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव ने प्रेमानंद जी महाराज को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है, जिसके बाद वे विवादों में घिर गए। खेसारी ने अपने पोस्ट में तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग अपनी छवि सुधारने के लिए प्रेमानंद जी महाराज के पास जा रहे हैं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। इस पोस्ट के बाद कुछ यूजर्स खेसारी पर भड़क गए और उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। खेसरी लाल यादव ने एक्स पर प्रेमानंद महाराज की एक तस्वीर शेयर कीं और लिखा, 'एक अपील, प्रेमानंद जी महाराज को सिर्फ महसूस करें। कुछ दिनों से नोटिस किया कई लोग अपनी इमेज बनाने के लिए वहां जाने लगे हैं। वो पाप धोने वाले मशीन नहीं हैं। अगर सच्ची श्रद्धा है तो बस उनकी बातों का मानें। हर जगह प्रमोशन और प्रचार ठीक नहीं लगता। भोरे भोरे ज्यादा ज्ञान लगे फिर भी ठीक हैं।'
खेसारी के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और लोग इसे लेकर अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक यूजर ने उनका सपोर्ट करते हुए लिखा, 'बहुत शुक्रिया भैया आपने कम से कम हिम्मत तो की है ये बोलने की, बाकी सब तो....' तो वहीं एक यूजर ने लिखा, 'तुम जाओ उसके घर जिसने 940 करोड़ का पाप किया है....'

लाइफ स्टाइल



## जेवर में तेवर

हॉलीवुड एक्ट्रेस अपनी फिल्मों के अनुरूप बहुत में ज्वेलरी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन परदे से परे देका जाए तो किसी को भी शानदार ज्वेलरी से परहेज नहीं है। हाल ही में वेनिस के पलाज़ो डुकाले में मेडिटेरेनिया हाई ज्वेलरी कलेक्शन के लिए लिसा ज़ेंडाया और ऐनी हैथवे ने इटली की जानी-मानी फर्म बुलगारी की जमकर नुमाइश की।

## पहली बार स्पा करवाने से पहले इन बातों का ध्यान रखें



स्पा ट्रीटमेंट की मदद से हमें काफी ज्यादा राहत मिलता है। स्पा ट्रीटमेंट करवाना सभी को पसंद होता है, हालांकि अगर आप बॉडी स्पा करवा रही हैं तो आपको काफी पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। ऐसे में बार- बार स्पा ट्रीटमेंट लेना सभी के बस की बात नहीं होती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पहली बार स्पा करवाने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। स्पा ट्रीटमेंट लेने के दौरान आपको किसी भी चीज के बारे में नहीं सोचना चाहिए। आपको स्पा के दौरान खुद को थेरपिस्ट को सौंप देना चाहिए। कोशिश करें की बॉडी स्पा किसी महिला से करवाएं तक आपको ज्यादा कंफरटेबल होगा। रिलैक्स करने से ही आपको इस ट्रीटमेंट का असर होगा।
स्पा ट्रीटमेंट यानी मसाज करवाने के बाद कुछ घंटो के लिए आपको आराम लेना चाहिए। इस दौरान आपको काफी शांति मिलेगी कोशिश करें की 1 या 2 घंटे का नींद भी लें। स्पा ट्रीटमेंट के बाद आराम करने से आपको काफी शांति मिलेगी और जो भी शरीर में दर्द है वह भी निकल जाएगा। कई लोग स्पा के दौरान ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। बता दें कि स्पा के दौरान आपको खुद से भी थेरपिस्ट को गाइड करना होगा। अगर आपको स्पा का प्रेशर ज्यादा लग रहा है तो अपने थेरपिस्ट से प्रेशर कम करने के लिए भी कह सकते है। कई लोग ऐसा कहने से झिझकते है। अगर आप भी इन चीजों से झिझकते है तो आपको बाद में शरीर में दर्द जैसी समस्या हो सकती हैं। ऐसे में आपको बॉडी स्पा लेते समय इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए।

## चेहरे की चमक को बरकरार रखने अपनाएं घरेलू उपाय




हम सभी जानते हैं कि चमकदार त्वचा पाने के लिए चेहरे का खास ख्याल रखना कितना जरूरी होता है। हालांकि बदलते ब्यूटी ट्रेंड्स में आपको इसके लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बाहरी प्रोडक्ट्स में भरपूर मात्रा में केमिकल मौजूद होता है जो आपकी त्वचा की चमक को फीका कर सकता है।
ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप घर में मौजूद चीजों की सहायता ले सकती हैं। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से त्वचा को नेचुरल चीजों की मदद लेकर इनकी सही तरीके से देखभाल कर पाएंगी। साथ ही बताएंगे इन चीजों के त्वचा को मिलने वाले फायदे। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में सहायता करते हैं। वहीं खीरा स्किन को डीप क्लीन करने के काम करता है। बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के कालेपन को कम करने में मदद करता है। हर तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है। शहद स्किन को नैचुरली एक्सफोलिएट करने में शहद मदद करता है,जो चेहरे के पोर्स क्लीन करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को हाइड्रेटेड बनाने में मदद करती है। शहद आपकी लिप्स की स्किन में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करता है।
-

## पार्टी के लिए पिंक आउटफिट को करें स्टाइल, मिलेगी तारीफ



जब भी पार्टी होती है तो हम अलग-अलग तरीके के कपड़े स्टाइल करना पसंद करते हैं। इसमें हम अपनी पसंद का कलर भी चूज करते हैं ताकि खूबसूरत लग सके। अगर आप कहीं पार्टी में जाने का प्लान कर रही हैं तो इसके लिए पिंक कलर को चूज कर सकती हैं। ये कलर भी पार्टी में काफी अच्छा लगता है। आप इसे नाइट पार्टी और डे दोनों में वियर कर सकती हैं। इसमें कई सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिन्हें अलग-अलग तरीके से स्टाइल किए जा सकते हैं।

### पिंक गाउन लुक



अगर आप किसी कॉकटेल पार्टी में जाने का प्लान कर रही हैं तो इसके लिए आप इस गाउन लुक को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के गाउन लुक पार्टी में काफी अच्छे लगते हैं। माधुरी दीक्षित ने भी इस पिंक गाउन को बेहद खूबसूरती के साथ वियर किया है जिसे स्टाइल बाय अमी ने डिजाइन किया है। इस तरीके के गाउन को आप किसी भी लोकल मार्केट से खरीद सकती हैं। इसमें आप ऑफ शोल्डर ऑप्शन भी ट्राई कर सकती हैं और फ्लेयर्ड स्लीव्स वाले गाउन को भी खरीद सकती हैं। ये गाउन आपको मार्केट में 2000 से 3000 की रेंज में अच्छे डिजाइन के साथ मिल जाएंगे।

### हाई थाई स्लिट साड़ी



अगर आपको साड़ी पहनना बेहद पसंद है तो ऐसे में आप हाई थाई स्लिट साड़ी (साड़ी गाउन लुक) को वियर कर सकती हैं। शिल्पा शेट्टी से इस लुक को कैसे क्रिएट करना है इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। उनकी इस साड़ी लुक को मोहित राय ने डिजाइन किया है। आप चाहे तो आप भी इस तरीके की साड़ी को मार्केट से खरीदकर वियर कर सकती हैं। ये साड़ी आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएगी। वरना आप अपने डिजाइनर से भी इसे डिजाइन करा सकती हैं।

### पिंक चिकनकारी लॉन्ग सूट

ऐसा जरूरी नहीं कि आप पार्टी के लिए सिर्फ वेस्टर्न ही वियर करें। आप पार्टी में एथनिक आउटफिट भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप लॉन्ग साइड स्लिट चिकनकारी सूट को वियर कर सकती हैं।

## बेहद खास हैं बेल मेहंदी के ये आसान डिजाइंस



हर शुभअवसरों पर मेहंदी लगाई जाती है। आजकल बेल मेहंदी डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है। इसके कई डिजाइन आपको ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन इन सभी डिजाइन को बना पाना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है।

### केरी बेल मेहंदी डिजाइन

डिजाइन की बात करें तो सबसे ज्यादा केरी मेहंदी को पसंद किया जाता है और इसे बनाना भी बेहद आसान होता है। वहीं केरी मेहंदी डिजाइन बनाकर आप अंदर की तरफ जाल बना सकती हैं। जाल के लिए आप बारीक पैटर्न को बनाए। इसके लिए आप डार्क कलर की मेहंदी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### भरे हाथों वाली बेल मेहंदी डिजाइन

भरे हाथों की मेहंदी देखने में बेहद आकर्षक नजर आती है। वहीं अब आप बेल में भी हाथों को भरा हुआ दिखा सकती हैं। इसमें आप फूल-पत्ती से लेकर जाल वर्क या ज्वेलरी स्टाइल के डिजाइन को भी चुन सकती हैं। वहीं चाहे तो इसमें आप अपना नाम भी लिखवा सकती हैं।

### जाल बेल मेहंदी डिजाइन

इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आप अपने हाथों के आकार का खास ख्याल रखें और उसी के हिसाब से जाल को चौड़ा या बारीक डिजाइन का बनाये। आप कोई भी डिजाइन बनाकर अंदर की तरफ बारीक पैटर्न के जाल डिजाइन को बना सकती हैं।

### फूल-पत्ती बेल मेहंदी डिजाइन

फूल-पत्ती डिजाइन की मेहंदी तो एवरग्रीन पसंद की जाती है। वहीं अगर आप मॉडर्न और मिनिमल डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आपके हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेगा। ध्यान रहे कि आप फूल-पत्ती के आकार को हाथों की शेप और साइज के हिसाब से ही बनाए।

कार्नर न्यूज

### नमी भरे मौसम में मेंस फैशन में ध्यान रखने है बहुत कुछ

## बारिश में मेंस मेकअप के लिए बरतें एहतियात, जरा सी गलती से हो सकता है आपका लुक खराब

बारिश के मौसम में मेंस मेकअप के लिए, हल्का और वाटरप्रूफ मेकअप सबसे अच्छा होता है। तैलीय त्वचा के लिए मैट फ़िनिश और सामान्य त्वचा के लिए एक हाइड्रेटिंग फ़िनिश चुनें। मेकअप से पहले बर्फ का इस्तेमाल करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे। चेहरे को बार-बार छूने से बचें। एक छाता और वाटरप्रूफ जैकेट का उपयोग करें। यदि आप तैलीय त्वचा वाले हैं, तो पोंछने के लिए एक टिश्यू पेपर रखें। संक्षेप में, बारिश के मौसम में मेंस मेकअप के लिए, हल्का, वाटरप्रूफ और मैट फ़िनिश चुनें। पुरुषों के हल्के और वाटरप्रूफ मेकअप के लिए, आप एक हल्के प्राइमर या टिंटेड मॉइस्चराइज़र का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को एक समान और चमकदार रूप देता है और त्वचा की खामियों को छुपाता है। वाटरप्रूफ कवरेज के लिए, एक वाटरप्रूफ फाउंडेशन या लिक्विड हाइलाइटर का उपयोग करें जो लंबे समय तक टिके और पसीने से भी प्रतिरोधी हो।



### स्किन प्रेप:

मेकअप से पहले चेहरे को अच्छी तरह धो लें और एक हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं। फिर, एक प्राइमर का उपयोग करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे और त्वचा चिकनी दिखे।

### फाउंडेशन/बीबी क्रीम:

तैलीय त्वचा के लिए, एक हल्का, ऑयल-फ्री फाउंडेशन या बीबी क्रीम चुनें। सामान्य त्वचा के लिए, एक हाइड्रेटिंग बीबी क्रीम का उपयोग करें जो मैट फ़िनिश देती है। फाउंडेशन या बीबी क्रीम को पूरे चेहरे पर समान रूप से फैलाएं।

### कॉम्पैक्ट पाउडर:

एक वाटरप्रूफ कॉम्पैक्ट पाउडर का उपयोग करें ताकि मेकअप सेट हो जाए और बारिश में फैले नहीं।

### आई मेकअप:

वॉटरप्रूफ आईलाइनर और मस्कारा का उपयोग करें। आईशैडो के लिए, क्रीम बेस्ड आईशैडो से बचें और मैट आईशैडो का उपयोग करें। आइब्रो पेंसिल के बजाय, जेल का उपयोग करें।

